


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

विधानसभा में 12.30 बजे वित्तमंत्री पेश करेंगे बजट



## बजट आज पेश होगा, आकार बढ़ सकता है 9 प्रतिशत तक

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी राज्य के वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट मंगलवार को विधानसभा में पेश करेंगे। अनुमान है कि पिछले वर्ष के मुकाबले बजट के आकार में 5 से 9 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है। हालांकि बजट पेश करने के पहले सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जीएसटी पर जनता की स्वीकृति

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य का कुल राजस्व संग्रह रुपये 23,454 करोड़ रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक है, जिसमें जीएसटी से रूपये 16,298 करोड़ ▶▶| शेष पेज 7 पर




विधानसभा में वित्तमंत्री ने पेश किया आर्थिक सर्वेक्षण, 6.31 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ा छत्तीसगढ़

# आर्थिक सर्वेक्षण में फीलगुड...छग में प्रति व्यक्ति कमाई में दस फीसदी का इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने सदन में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करते हुए राज्य की अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक तस्वीर पेश की गई। वर्ष 2025-26 में राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 11.57 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया गया है। साय सरकार ने जीएसडीपी को 6.31 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना जताई है। छत्तीसगढ़ की वृद्धि दर 8.11 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं प्रति व्यक्ति आय पिछले साल के मुकाबले 17 हजार बढ़कर 1,79,244 रुपए हो गई है।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2025-26 में छत्तीसगढ़ का जीएसडीपी 6.31 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने इसे राज्य की विकास योजनाओं, अधोसंरचना



विस्तार और निवेश बढ़ोतरी का परिणाम बताया है। वित्त मंत्री ने कहा, पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 10.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन को दर्शाती है। धान खरीदी, कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार और सेवा क्षेत्र में बढ़ते निवेश का सकारात्मक असर प्रदेश में देखने को मिला। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक 2025-26 में राज्य की प्रति व्यक्ति आय 1,79,244 रुपए होने का अनुमान है। यह वर्ष 2024-25 की तुलना में 10.07 प्रतिशत अधिक है। सरकार ▶▶| शेष पेज 7 पर






### हर परिवार सशक्त छत्तीसगढ़ का हिस्सा बनेः साय

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 हमारे राज्य की मजबूत और संतुलित अर्थव्यवस्था का प्रमाण है। समृद्ध किसान, मजबूत उद्योग और विस्तृत सेवा क्षेत्र यही विकसित छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव है। कृषि क्षेत्र में मजबूत विकास दर दर्ज हुई है, जो किसानों की मेहनत और हमारी किसान-हितैषी नीतियों ▶▶| शेष पेज 7 पर

### विधायक लखमा पहुंचे विधानसभा, सदन में भाजपा नेताओं से मिले गले



छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का पहले दिन चर्चा का केंद्र रहा। वह था, पूर्व मंत्री कवासी लखमा का सदन में लौटना। कथित शराब घोटाले से जुड़े मामले में करीब एक साल तक जेल की सलाखों के पीछे रहने के बाद लखमा सोमवार को पहली बार विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए। सत्र के दौरान यह देखने को मिला, जब कवासी लखमा दलगत राजनीति को किनारे रखकर भाजपा नेताओं से मिलने पहुंचे। सदन की औपचारिक कार्यवाही के बीच लखमा सबसे पहले मंत्री रामविचार नेताम के पास गए और उनसे गले मिले। इसके बाद उन्होंने भाजपा के दिग्गज विधायक अजय चंद्राकर से भी गर्मजोशी ▶▶| शेष पेज 7 पर

खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर एरिया

## बलरामपुर में ओलावृष्टि रायपुर-बिलासपुर में हल्की बारिश, पारा 6 डिग्री गिरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय निम्नदाब के असर से लंबे समय बाद प्रदेश के मौसम में बदलाव हुआ है। छाए बादल और ठंडी हवा से दिन के तापमान में 6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। रायपुर, बिलासपुर समेत कई इलाकों में हल्की बारिश हुई और बलरामपुर के वाड्रफनगर में काफी देर तक ओलावृष्टि हुई। सिस्टम के चौबीस घंटे में कमजोर पड़ने के बाद भी मध्य और दक्षिण में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

हरिभूमि सरोकार

### 35 का तापमान 28 डिग्री से नीचे आया

रविवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया था। मौसम में हुए बदलाव के बाद राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री तक नहीं पहुंच पाया और पारा 27.7 पर सिमटकर रह गया। दिन के तापमान में चौबीस घंटे के भीतर इतनी गिरावट इस सीजन में पहली बार हुआ है। रायपुर के अलावा अन्य जिलों का पारा भी दो से चार डिग्री कम दर्ज किया गया है।




# एयर एंबुलेंस क्रैश, मरीज समेत सात थे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रांची

रांची से सात लोगों को दिल्ली ले जा रही एक एयर एंबुलेंस सोमवार को झारखंड के ही चतरा जिले के सिमरिया के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में मरीज समेत सात लोगों की मौत की खबर है, लेकिन देर रात तक पुष्टि नहीं हो पाई। रांची हवाई अड्डे के निदेशक विनोद ▶▶| शेष पेज 7 पर

रांची से दिल्ली जा रहा था एंबुलेंस



### विमान में ये थे सवार

रेड बर्ड एविएशन कंपनी की एयर एंबुलेंस में सवार कैप्टन विवेक विकास भगत (पायलट), कैप्टन सबराजदीप सिंह (पायलट), संजय कुमार (मरीज), अर्चना देवी (परिजन), धूरू कुमार (परिजन), विकास कुमार गुप्ता (डॉक्टर), सचिन कुमार मिश्रा (पारामेडिकल स्टाफ) थे।

### 10 करोड़ का गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर 10 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य का गांजा बरामद किए जाने के बाद तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। सीमा शुल्क विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। यहां एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 19 फरवरी को 10.724 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। मौके पर की गई जांच के आधार पर बैंकॉक से आने वाले दो भारतीय यात्रियों को टी-3 में 'ग्रीन चैनल' पर रोका गया और उन्हें 'एक्स-रे' 'स्क्रीनिंग' करने तथा उनके सामान की विस्तृत जांच करने के लिए भेजा गया। एक काले रंग के ट्रॉली बैग की जांच के दौरान ''हरे रंग के मादक पदार्थ से भरी 10 थैलियां बरामद की गईं, जिस पर गांजा होने का संदेह है।

### पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का लंबी बीमारी के बाद निधन

**कोलकाता।** पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय का दिल का दौरा पड़ने से रएक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। उनके बेटे सुभ्रांशु रॉय ने बताया कि मुकुल रॉय ने एक निजी अस्पताल में देर रात डेढ़ बजे अंतिम सांस ली। उन्होंने यह भी बताया कि वह पिछले कई दिनों से कोमा में थे। रॉय 1998 में तृणमूल कांग्रेस के गठन के समय उसके संस्थापक सदस्यों में से एक थे। पार्टी से मतभेद होने के बाद वह 2017 में भाजपा में शामिल हो गए थे। रॉय 2021 के पश्चिम बंगाल विस चुनावों में भाजपा के टिकट पर कृष्णानगर उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक बने, लेकिन चुनाव के बाद तृणमूल में वापस लौट आए।



बेमेतरा जिले के ग्राम छेरकापुर में सोमवार दोपहर को मधुमक्खियों के हमले से किसान की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटा घायल हो गए। अचानक हुई इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो उठा।

# मधुमक्खियों के हमले से किसान की मौत, पत्नी-बेटा घायल

## बाज ने छत्ता छेड़ा, खेत में काम कर रहे परिवार पर टूटा झुंड, जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

जानकारी के अनुसार, तहसील मुख्यालय से महज 2 किमी दूर छेरकापुर निवासी किसान श्रीराम यादव (55), पिता नन्हू यादव अपनी पत्नी अहिल्या यादव (50) और बेटे राजकुमार यादव (35) के साथ गांव के पास खेत में सोमवार को राहर पीटने गए थे। दोपहर करीब 1.40 बजे पास के पेड़ पर लगे मधुमक्खी के छत्ते को एक बाज ने छेड़ दिया। इससे मधुमक्खियां आक्रामक हो गईं और खेत में काम कर रहे तीनों पर हमला कर दिया।

### जान बचाने अलग-अलग दिशा में भागे किसान को मधुमक्खियों ने घेरा

अचानक हुए हमले से घबराकर तीनों जान बचाने के लिए अलग-अलग दिशा में भागे। बेटा राजकुमार गांव की ओर भागा, पत्नी अहिल्या पास के बोर घर में जाकर छिप गई, जबकि किसान श्रीराम गेहूं के खेत की ओर भागे, लेकिन मधुमक्खियों ने उन्हें बुरी तरह घेर लिया। कुछ देर बाद जब राजकुमार ग्रामीणों को लेकर खेत पहुंचा, तो पिता को मूर्छित अवस्था में पड़ा देखा। उनके शरीर पर मधुमक्खियों के कई डंक लगे हुए थे। ग्रामीणों की मदद से तीनों को तत्काल नवागढ़ के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।



**जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में किसान मौत :** अस्पताल में हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने श्रीराम को जिला अस्पताल रेफर किया, लेकिन नवागढ़ से निकलते ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। पत्नी अहिल्या और बेटा राजकुमार का उपचार नवागढ़ अस्पताल में जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति फिलहाल स्थिर है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### परिजनों का विलाप गांव में पसरा मातम

शव गांव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी अहिल्या बार-बार बेहोश हो रही थीं और परिजन उन्हें संभालते नजर आए। बेटे राजकुमार की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। परिजनों का कहना था कि सुबह तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन दोपहर में अचानक हुए इस हादसे ने परिवार का सहारा छीन लिया। गांव के लोग भी बड़ी संख्या में मृतक के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है।

### दो घायलों का इलाज जारीः बीएमओ

नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी बीएमओ डॉ. विकास पांडेय ने बताया कि मधुमक्खियों के हमले से किसान के शरीर में कई स्थानों पर डंक लगे थे, जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो गई थी। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। अन्य दो घायलों का उपचार जारी है।

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट में वरिष्ठ पैनल लॉयरों की नियुक्ति

**बिलासपुर।** विधि एवं न्याय मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट में केंद्र सरकार के मामले मुकदमों में सरकार की ओर से पक्ष रखने के लिए वरिष्ठ पैनल लॉयरों की नियुक्ति कर दी है। यह नियुक्ति तीन साल के लिए होगी। विधि मंत्रालय ने बिलासपुर हाई कोर्ट से कहा है, पुराने पैनल लॉयर से केंद्र से संबंधित मुकदमों की फाइलें वापस लेकर इनको सौंप दें। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने अपने आदेश में लिखा है, राष्ट्रपति ने अधिवक्ताओं को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में केंद्र सरकार के मुकदमों (कर संबंधी मामलों को छोड़कर) का संचालन करने के लिए इस आदेश की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। पैनल लायर में भूपेंद्र नारायण सिंह, रमाकांत पांडे, अन्नपूर्णा तिवारी, उमाकांत सिंह चंदेल, अजित कुमार सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, सतीश गुप्ता, किशन लाल साहू, हेमंत केशरवानी, एमएस. अनमोल शर्मा, रूप राम, माने नाथ ठाकुर, अंकुर कश्यप, मांडवी भारद्वाज, हिमांशु पांडे, रघुवीर प्रताप सिंह, सागर सोनी्र अजय कुमार पांडे, रविकर पटेल, प्रमोद श्रीवास्तव, पी. चेतन कुमार, अरविन्द पटेल, त्रिवेनी शंकर साहू, भारत कुमार गुलाबानी, प्रज्ञा पांडे, अभिषेक बंजारे, अमितेश कुमार पांडे, अंजू श्रीवास्तव, विद्या भूषण सोनी, अमन केशरवानी, शाल्विक तिवारी, सुचित्रा बाईस, सौरभ चौबे, अमन ताम्रकार शामिल हैं।

### तलाक की डिक्री रद्द करने से हाईकोर्ट ने किया इंकार

**बिलासपुर।** बिलासपुर हाईकोर्ट में अपनी तरह का एक अलग ही मामला सामने आया। आमतौर पर फैमिली कोर्ट के उस फैसले के खिलाफ पति या फिर पत्नी याचिका दायर करती हैं, जिसमें फैमिली कोर्ट द्वारा तलाक की डिक्री देने से मना कर दिया जाता है। इस प्रकरण में लेकिन फैमिली कोर्ट की तलाक की डिक्री को रद्द करने की मांग को लेकर पति-पत्नी हाई कोर्ट पहुंच गए। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने याचिका को रद्द करते हुए कहा कि कानूनी तौर पर अब यह संभव नहीं है। कोर्ट ने साफ कहा कि आपसी सहमति के आधार पर तलाक की मंजूरी देते हुए फैमिली कोर्ट द्वारा पारित डिक्री को खारिज नहीं किया जा सकता। दरअसल तलाक के बाद रिश्तों में आई नरमी और आपसी समझदारी के चलते पति-पत्नी ने एक बार फिर साथ रहने का निर्णय लिया है।

## राज्यपाल रमेन डेका ने सत्र के पहले दिन अभिभाषण के दौरान दी विकास की जानकारी

# राज्यपाल बोले- प्रदेश नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

राज्यपाल रमेन डेका ने सोमवार को कहा कि प्रदेश नक्सलवाद के आतंक से मुक्ति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्यपाल डेका ने विधानसभा के बजट के सत्र के पहले दिन अपने अभिभाषण के दौरान राज्य में हुए विकास कार्यों की जानकारी सदन को दी। राज्यपाल ने कहा, जब आतंक का साया हट जाता है, तो विकास का उजाला खुद ही फैल जाता है और लोगों का जीवन रोशन हो जाता है।

राज्यपाल ने कहा, हमने बीते दो वर्ष में नक्सली आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में बड़ी सफलता प्राप्त की है। दो वर्ष में 532 माओवादी मारे गए, 2,704 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया तथा 2,004 नक्सलवादी गिरफ्तार किये गये। सरकार ने आत्मसमर्पण की बेहतर नीति बनाई है, जिसके फलस्वरूप भटके हुए युवा अब मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं, हथियार छोड़कर संविधान की प्रति हाथों में थाम रहे हैं तथा प्रदेश नक्सली आतंक से मुक्ति की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।

### नक्सल प्रभावित इलाकों का विकास

उन्होंने कहा, जिन धुर नक्सल प्रभावित इलाकों को नक्सलवाद से मुक्त किया गया है, वहां 'नियद नेल्ला नार योजना' के माध्यम से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। सरकार ने बस्तर में विकास के लिए संपर्क सुविधा को विशेष प्राथमिकता दी है तथा 146 सड़क एवं पुल निर्माण कार्यों के लिए 1,109 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 728 मोबाइल टॉवर चालू किए गए हैं और 449 मोबाइल टॉवर का 4जी में अद्यतन किया गया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में 31 नयी प्राथमिक शालाएं और 19 उपस्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत किये गये हैं।



### होली से पहले किसानों को मिलेगी सौगात

श्री डेका ने कहा, इस वर्ष 25 लाख 24 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर 141.04 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया और 33 हजार 431 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। सरकार ने 'कृषक उन्नति योजना' के तहत होली से पहले किसानों को 10 हजार 292 करोड़ रुपये भुगतान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रदेश में 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता की वृद्धि की है, जिससे राज्य में कुल विकसित सिंचाई क्षमता 21 लाख 76 हजार हेक्टेयर हो गई है।

### महिलाओं के लिए काम कर रही है सरकार

उन्होंने कहा, 'महतारी वंदन योजना' के माध्यम से हर महीने एक-एक हजार रुपए की राशि प्रदेश की लगभग 69 लाख महिलाओं के खाते में जमा की जा रही है और सरकार ने लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में 24 किस्त में 15,596 करोड़ रुपए जमा किए हैं। राज्यपाल ने कहा, राज्य सरकार 'धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा' की संकल्पना को पूरा करने के लिए जनजातीय विकास की दिशा में तत्परता से कार्य कर रही है तथा 'पीएम जनमन योजना' एवं 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत तेजी से कार्य हो रहे हैं।

### खेलो इंडिया की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिली

उन्होंने कहा, यह हमारे लिए गौरव की बात है कि देश के पहले खेलो इंडिया जनजातीय खेल की मेजबानी छत्तीसगढ़ को मिली है। इन खेलों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सुंदर जनजातीय संस्कृति की झलक भी देश दुनिया को दिखेगी। राज्यपाल ने जलवायु परिवर्तन को एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा, इससे निपटने के लिए सरकार वन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने को लेकर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, भारत वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में वन एवं वृक्ष आवरण क्षेत्र में 683 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है, जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा, नयी औद्योगिक नीति के कारण अब तक सात लाख 83 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आये हैं।

### अंजोर विजन विकसित राज्य का खाका

राज्यपाल ने कहा, हमारा प्रदेश खनिज संसाधनों से समृद्ध है। यह हमारे विकास की आधारशिला है। लीथियम ब्लाक आवंटित करने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य है। रेत खदानों की नीलामी में पारदर्शिता बरतने के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया को अपनाया गया है। राज्यपाल ने कहा, 2047 तक प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए 'अंजोर विजन' पत्र तैयार किया गया है। यह सरकार की सोच का खाका है। इसके तहत लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सफलतापूर्वक काम जारी है। छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य को एक विकसित राज्य में बदलने का 25 वर्षीय खाका है।

# जैम पोर्टल के माध्यम से सामग्री खरीदी में गड़बड़ी, एयू के तत्कालीन रजिस्ट्रार सस्पेंड



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। श्री दुबे पर यूनिवर्सिटी मद से आवंटित राशि में गड़बड़ी व जैम पोर्टल माध्यम से सामग्री क्रय कर आर्थिक अनियमितता मामले में प्रथम दृष्टया संलिप्तता पाई गई है।

■ शासन ने जारी किया आदेश

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत श्री दुबे का निलंबन अवधि में मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर संभाग होगा। शासन के आदेश में विभागीय जांच की प्रक्रिया पृथक से किए जाने की बात कही गई है। जांच में पाया गया है कि तत्कालीन रजिस्ट्रार श्री दुबे ने छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 संशोधित 2025 के संगत नियमों का पालन नहीं किया। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है। इसलिए शासन ने उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### तीन सदस्यीय टीम आई थी जांच करने

अटल यूनिवर्सिटी में आर्थिक गड़बड़ी संबंधी शिकायतें होती रही है, जिसपर उच्च शिक्षा विभाग ने मामले में जांच के निर्देश दिए थे। कुछ माह पहले यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से एडीशनल डायरेक्टर केके तिवारी के नेतृत्व में असिस्टेंट डायरेक्टर गोवर्धन यदु व वित्त अधिकारी महेश साहू की तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच टीम जांच करने आई थी। जांच टीम यूनिवर्सिटी प्रशासन से मामले में जवाब मांगा था और अपने साथ टेंडर, सामग्री खरीदी आदि से संबंधित दस्तावेज भी जब्त कर अपने साथ ले गई थी।

### प्रिंसिपल समेत पांच पर पहले गिरी थी निलंबन की गाज

इससे पूर्व जैम पोर्टल में आर्थिक गड़बड़ी किए जाने के मामले में कालेज के प्राचार्य सहित पांच असिस्टेंट प्रोफेसरों पर निलंबन कार्रवाई की गाज गिर चुकी है। पहली कार्रवाई शासकीय कालेज लोहारकोट महासमुंद में हुई, जहां प्राचार्य डॉ. एसएस तिवारी द्वारा पीएम उषा मद से आबंटित की गई राशि में गड़बड़ी, जैम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय किए जाने में आर्थिक अनियमितता में संलिप्तता पाई गई। इसी तरह शासकीय कालेज पिथौरा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सीमा अग्रवाल व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बृहस्पत सिंह विशाल एवं असिस्टेंट प्रोफेसर पीठी सिंह ठाकुर और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एसएस दीवान इन पांचों पर निलंबन की गाज गिरी थी।

# ओवरटेक करने के प्रयास में आरक्षक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

वारंट लेकर जा रहे कांस्टेबल की बस की चपेट में आने से मौत हो गई। ट्रक और बस के बीच से बाइक सवार कॉन्स्टेबल आगे निकल रहा था। तभी बस से टकराकर नीचे गिर गया। बस का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। बस से कुचलने से आरक्षक को गंभीर चोटें आईं। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बालोद थाना में पदस्थ ठनेश



कुमार 35 वर्ष थाने से समन वारंट लेकर बाइक के माध्यम से जा रहा था। इसी दौरान ग्राम सिवनी के मुख्य मार्ग पर आगे निकलने के दौरान बाइक बस से टकरा गई और आरक्षक चक्के के नीचे आ गया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं, लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### 2012 में हुई थी नियुक्ति

मृतक ठनेश कुमार मूल रूप से डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम सहगांव का रहने वाले थे। साल 2012 में उनकी नियुक्ति जिला पुलिस बल में हुई थी। 3 मार्च 2024 को उनका स्थानांतरण बालोद थाने में हुआ था।

**पिता बालोद कलेक्टोरेट में हैं प्यून :** ठनेश परिवार सहित झलमला स्थित पुलिस कॉलोनी में रहते थे। उनका एक बेटा और एक बेटी है। हादसे के समय दोनों बच्चे स्कूल गए थे। उनके पिता नरोत्तम सिंह बालोद कलेक्टर कार्यालय में प्यून के पद पर पदस्थ हैं।

# सरकंडा थाने में चली गोली, आरक्षक सस्पेंड

**बिलासपुर।** सरकंडा थाने में पदस्थ आरक्षक नवल तिवारी ने ड्यूटी बदलने के दौरान मैग्जीन निकाले बगैर ही राइफल का ट्रिगर दबा दिया, जिससे एसएलआर राइफल से निकली गोली थाने में लगे पंखे की ब्लेड से लगते हुए छत में घुस गई। बंदूक से चली गोली की आवाज से थाना थर्रा उठा और पुलिस अधिकारी व कर्मचारी थाने से बाहर आ गए। घटना सुबह सात बजे के बाद की बताई जा रही है। एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि ड्यूटी बदलने के दौरान पुलिसकर्मियों को ड्रिल करनी होती है। आरक्षक ने बिना मैग्जीन निकाले ही ट्रिगर दबा दिया, जिससे गोली चली। लापरवाही पर आरक्षक को निलंबित किया गया है। मोपका लूट के आरोपियों को सरकंडा थाने में जब हिरासत में लिया गया, उसी दौरान थाने में आरक्षक के हाथों से गोली चल गई। बताया जा रहा है कि लूट के आरोपियों को पकड़ने के बाद थाने में सशस्त्र बल की तैनाती की गई थी।






## स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची गांव, अन्य लोगों की भी जांच जारी

# जिले में शादी दावत के बाद पसरा मातम, दो गांवों के 40 से ज्यादा लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जिले की दो अलग-अलग पंचायतों में शादी और भोज का कार्यक्रम उस वक्त त्रासदी में बदल गया, जब दावत खाकर लौटे दर्जनों ग्रामीण एक साथ बीमार पड़ गए। फूड पॉइजनिंग का असर इतना भयावह है कि सोमवार सुबह होते ही गांवों में एम्बुलेंस के सायरन गूंजने लगे। अब तक 44 से अधिक ग्रामीणों के प्रभावित होने की पुष्टि हुई है, जिनका इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत आमदी द के आश्रित ग्राम मोहलाई के ग्रामीण कुटेना में आयोजित एक शादी



समारोह के चौथिया कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहीं ग्राम पंचायत दर्रीपारा के बोइरगांव के ग्रामीण धवलपुर में आयोजित एक अन्य भोज कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। कल रात तक सब कुछ सामान्य था ग्रामीण हंसी खुशी दावत का आनंद लेकर अपने घर लौटे थे। सोमवार सुबह जैसे ही सूरज की पहली किरण पड़ी ग्रामीणों की तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई देखते ही देखते उल्टी दस्त और तेज पेट दर्द ने विकराल रूप ले लिया। इसके बाद अस्पताल में सूचना दी गई। मरीजों की संख्या बढ़ने पर एंबुलेंस गांव आने लगी।

मोहलाई आमदी पंचायत यहां के 17 ग्रामीण गंभीर रूप से बीमार हैं बोइरगांव दर्रीपारा पंचायत यहाँ स्थिति और भी चिंताजनक है जहां 27 ग्रामीणों की हालत बिगड़ी है वर्तमान में उपस्वास्थ्य केंद्र कोसमी में मरीजों का इलाज जारी है अस्पताल में मरीजों का इलाज जारी है।

### स्थिति नियंत्रण में : सीएमओ

सीएमओ वीएस नवरत्न ने बताया कि मामले की सूचना के बाद डॉक्टरों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों का दल कोसमी सेक्टर में ड्यूटी पर लगाया गया है। पीड़ितों का उपचार किया जा रहा है। अब तक 40 से ज्यादा लोगों का उपचार किया गया है। स्थिति नियंत्रण में है।

### सरपंचों ने संभाला मोर्चा, घर- घर जांच

इस विपदा की घड़ी में स्थानीय जनप्रतिनिधि ढाल बनकर खड़े हो गए हैं आमदी पंचायत के सरपंच आत्माराम नेताम और दर्रीपारा के सरपंच राजकुमार सोरी खुद मौके पर मौजूद हैं वे न केवल मरीजों की देखरेख कर रहे हैं बल्कि स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर बेहतर इलाज सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रशासनिक हलकों में भी इस घटना के बाद हड़कंप मच गया है स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल टीमें प्रभावित गांवों मोहलाई और बोइरगांव में घर घर जाकर सर्वे कर रही हैं ताकि दबे हुए लक्षणों वाले मरीजों को तुरंत उपचार दिया जा सके।

रायपुर
मंगलवार 24 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी
वर्ष : 24, अंक : 215
पृष्ठ : 12+4+4+8 =28, मूल्य : 5 .00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 27.7
न्यून. 20.6



03 बाफ्टा के मंच पर छा गईं

विचार पेज
4 नग्न प्रदर्शन से साख पर सवाल






### आतंकी खतरों का मुकाबला करने के लिए नई तैयारी

# आतंकवाद के खिलाफ होगा 'प्रहार' साइबर-ड्रोन हमलों पर तीखी नजर

*भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी जंग को अब एक नया नाम और नई धार दे दी है। गृह मंत्रालय ने देश की पहली आतंकवाद-रोधी नीति को जारी किया है, जिसे 'प्रहार' नाम दिया गया है। यह उन अदृश्य खतरों के खिलाफ भारत का अभेद्य किला है, जिसमें अब युद्ध के मैदान केवल सरहदें नहीं, बल्कि आपके मोबाइल स्क्रीन और इंटरनेट का डार्क वेब भी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**खास खबर**

'प्रहार' में कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर आधारित एक बहुस्तरीय रणनीति तय की गई है, जो खुफिया जानकारी के आधार पर चरमपंथी हिंसा की रोकथाम और उसे निष्क्रिय करने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य आतंकवादियों, उनके वित्तपोषकों और समर्थकों को धन, हथियार और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच से वंचित करना है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई नीति भारत या विदेश से उत्पन्न होने वाले आतंकी खतरों का मुकाबला करने के लिए सात प्रमुख स्तंभों पर आधारित है। ये सात स्तंभ रोकथाम, प्रतिक्रिया, आंतरिक क्षमताओं का एकीकृत करना , मानवाधिकार और 'कानून के शासन' पर आधारित प्रक्रियाएं, कट्टरता सहित आतंकवाद में सहायता करने वाली परिस्थितियों को दूर करना, आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को संरेखित और आकार देना और समग्र समाज दृष्टिकोण को अपनाना शामिल है। नीति दस्तावेज में पाकिस्तान ▶▶|शेष पेज 7 पर

### भारत का नया गेम प्लान : पहली आतंकवाद रोधी नीति को किया जारी



#### सात स्तंभों का 'PRAHAAR'

**P (Prevention):** नागरिकों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हमलों को रोकना
**R (Response):** खतरे के अनुरूप त्वरित और सटीक जवाबी कार्रवाई
**A (Aggregating):** सरकार के सभी अंगों के बीच तालमेल बिठाकर आंतरिक क्षमता बढ़ाना
**H (Human Rights):** मानवाधिकारों और कानून के शासन का पालन
**A (Attenuating):** कट्टरपंथ जैसी उन स्थितियों को खत्म करना जो आतंकवाद को बढ़ावा देती हैं
**A (Aligning):** आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को एकजुट करना
**R** रिकवरी एंड रेसिलिएंसः हमले से रिकवरी और सहनशीलता।

#### क्यों लाई गई नई नीति

*'प्रहार' नीति का मुख्य उद्देश्य देश को हर प्रकार के आतंकवादी खतरों से सुरक्षित करना है। इसमें रोकथाम, त्वरित कार्रवाई, कड़ी कानूनी प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को एक साथ जोड़ा गया है। यह नीति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित हो सके।*

#### सीमा पार आतंकवाद और वैश्विक नेटवर्क

*इस नीति में सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद को सबसे बड़ी चुनौती बताया गया है। अल-कायदा और आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों द्वारा भारतीय युवाओं को ऑनलाइन कट्टरपंथ की ओर धकेलने की कोशिशों पर भी चिंता जताई गई है।*

#### इंटेलिजेंस -फर्स्ट आधारित रणनीति

*इस नीति का केंद्र "इंटेलिजेंस-फर्स्ट" मॉडल है। इंटेलिजेंस ब्यूरो के तहत मल्टी-एजेंसी सेंटर और जॉइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस को प्रमुख भूमिका दी गई है। इनका काम विभिन्न एजेंसियों और राज्यों के बीच रियल-टाइम सूचना साझा करना है, ताकि हमलों को पहले ही रोका जा सके।*

#### जिहादी आतंकवाद से परेशान रहा है भारत

*भारत आतंकवाद को किसी विशिष्ट धर्म, जातीयता, राष्ट्रीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ता है। हालांकि, देश सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद से प्रभावित रहा है, जिसमें जिहादी आतंकी संगठन और उनके सहयोगी संगठन लगातार हमले की योजना बना रहे हैं।*

## स्कूटी से गिरी लड़की को उठाने गया और खुद ट्रक की चपेट में आया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ किशोर की दर्दनाक मौत

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की जान चली गई। दरअसल वह, उद्योग भवन के सामने स्लिप खाकर स्कूटर से गिरी लड़की को बचाने गया था और खुद ट्रक की चपेट में आ गया। मृतक किशोर की लाश ट्रक में बुरी तरह से फंस गई थी। क्रेन की मदद से ट्रक को हटाया गया उसके बाद ट्रक के नीचे फंसी लाश को ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### हादसे की गवाह बनी मृतक की बड़ी मां

जहां एक्सीडेंट की घटना हुई है, वहीं पास के एक ढाबा में मृतक की बड़ी मां सोनू के साथ काम करने के लिए आती है। बताया जा रहा है, मृतक की बड़ी मां ने सोनू का एक्सीडेंट होते अपनी आंखों से ▶▶|शेष पेज 7 पर

### गृहमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर की सुरक्षा-आश्वासन-पुनर्वास की मांग

## 15 माओवादी 3 मार्च को छग में करेंगे समर्पण, गृहमंत्री ने कहा-सुरक्षा मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केन्द्र सरकार की डेडलाइन से 28 दिन पहले 3 मार्च को बीबीएम डिवीजन के 15 नक्सली छग में समर्पण करेंगे। इसके लिए उन्होंने गृहमंत्री को पत्र लिखकर सुरक्षा-आश्वासन और पुनर्वास की मांग की है। समर्पण करने वाले नक्सली रेडियो संदेश के माध्यम से सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं, जिसके बाद गृह मंत्री ने आश्वस्त किया कि हमारी सरकार पुनर्वास नीति पर पहले से ▶▶|शेष पेज 7 पर



■ बरगढ़ बलांगीर महासमुंद डिवीजन के नक्सलियों में 14 बस्तर के 1 तेलंगाना का

**आत्मसमर्पण की प्रक्रिया सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से होगी पूरी:** गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि माओवादी संगठन ने रेडियो संदेश के माध्यम से सुरक्षा गारंटी मांगी है। उन्होंने कहा कि सरकार पुनर्वास नीति पर काम कर रही है। माओवादियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। आत्मसमर्पण की प्रक्रिया सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से पूरी की जाएगी।

**नक्सल प्रभावित जिलों की कहानी 4**

#### सशस्त्र संघर्ष जारी रखना अब उचित नहीं

*विकास ने पत्र में लिखा कि बदलते सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक हालात में दीर्घकालिक सशस्त्र संघर्ष जारी रखना अब उचित नहीं है। इसलिए संगठन के 15 सदस्य मुख्यधारा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने मांग की कि गृह मंत्री रेडियो संदेश के माध्यम से सुरक्षा की गारंटी दें ताकि सभी सदस्य निश्चिंत होकर बाहर आ सकें।* ▶▶|शेष पेज 7 पर

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर धड़ाम

## 590 करोड़ का घोटाला डूब गए 14 हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर सोमवार को बुरी तरह गिरे। बैंक शेयरों में 20फीसदी तक की भारी गिरावट आई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि बैंक ने खुलासा किया कि उसकी चंडीगढ़ ब्रांच में कर्मचारियों ने करीब 590 करोड़ का फर्जीवाड़ा किया है। खबर के आते ही बैंक का मार्केट कैप 14,438 करोड़ रुपए घट गया। ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### आरबीआई की नजर

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 590 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी मामले से जुड़े घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं, कोई समस्या नहीं है।

### यौन शोषण के मुकदमे में फंसे

## गिरफ्तारी का नहीं करूंगा विरोध : अविमुक्तेश्वरानंद

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती ने सोमवार को कहा कि यौन शोषण के मुकदमे में अगर पुलिस उन्हें गिरफ्तार करती है तो वह उसका विरोध नहीं करेंगे। शंकराचार्य ने कहा कि जनता, स्वयं का हृदय और ईश्वर तीनों ही अदालतों से ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### क्या है मामला

कथावाचक स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज की याचिका पर अदालत ने शनिवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और अन्य आरोपियों पर दो किशोरवय लड़कों के यौन शोषण के आरोप में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। इसके बाद देर रात इस सिलसिले में शंकराचार्य उनके शिष्य तथा दो-तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।






### सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा, मरीजों की सुरक्षा पर दिया तर्क

# डॉक्टरों की योग्यता तय नहीं करती नीट पीजी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नीट-पीजी 2025 के लिए क्वालीफाइंग पर्सेंटाइल कम किए जाने के फैसले का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि नीट पीजी न्यूनतम क्लिनिकल क्षमता का प्रमाणन नहीं करता, बल्कि सीमित स्नातकोत्तर सीटों के आवंटन के लिए मेरिट सूची तैयार करने का माध्यम है। न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस डिग्री से ही स्थापित हो जाती है।

#### मरीज सुरक्षा को लेकर उठे सवालों पर जवाब

रोगी सुरक्षा को लेकर उठाई गई चिंताओं को 'भ्रामक' बताते हुए हलफनामे में कहा गया कि पोस्टग्रेजुएट प्रशिक्षण तीन वर्ष का संरचित कार्यक्रम है। प्रशिक्षण के दौरान उम्मीदवार वरिष्ठ संकाय और विशेषज्ञों की निगरानी में कार्य करते हैं।



**नए कट-ऑफ कितने हैं?:** इस बार नीट पीजी का कट-ऑफ काफी कम रखा गया है। जनरल और ईडब्ल्यू वर्ग के लिए कट-ऑफ 103 अंक तय किया गया है, जबकि जनरल पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए यह 90 अंक है। एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग वर्ग के लिए कट-ऑफ -40 अंक निर्धारित किया गया है।

#### कट-ऑफ कम क्यों किया गया?

कट-ऑफ कम करने के पीछे सरकार का मुख्य कारण यह बताया गया है कि बड़ी संख्या में पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सीटें हर साल खाली रह जाती थीं। लगभग 70,000 सीटें उपलब्ध होने के बावजूद सभी सीटों पर दाखिला नहीं हो पा रहा था, जबकि दो लाख से अधिक छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे।

# भारत से बांग्लादेश लौटेगा बड़ा सैन्य अफसर, रहमान के पीएम बनते ही बड़ा बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश में नई सरकार के सत्ता संभालते ही सेना के शीर्ष स्तर पर बड़े बदलावों का दौर शुरू हो गया है। रविवार को सेना मुख्यालय ने एक महत्वपूर्ण फेरबदल किया, जिसमें नए चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीजीएस) की नियुक्ति की गई है। लेफ्टिनेंट जनरल एम मैनुर रहमान को नया सीजीएस बनाया गया है, जो इससे पहले सेना प्रशिक्षण और सिद्धांत कमान के प्रमुख थे। यह बदलाव प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार के कार्यभार संभालने के कुछ ही दिनों बाद किए गए हैं। इस फेरबदल का असर देश की प्रमुख सैन्य खुफिया एजेंसी और रणनीतिक कमानों पर भी पड़ा है, जिसे शासन व्यवस्था को नए सिरे से व्यवस्थित करने की कोशिश माना जा रहा है।

## मुहम्मद यूनुस के 18 महीने का अंतरिम शासन रहा है बहुत विवादित

### भारत में रुके ब्रिगेडियर को मिली तरक्की

इस फेरबदल का एक दिलचस्प पहलू भारत से भी जुड़ा हुआ है। भारत में बांग्लादेश उच्चायोग के रक्षा सलाहकार के रूप में तैनात ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद हाफिजुर रहमान को वापस ढाका बुलाया गया है। उन्हें मेजर जनरल के पद पर पदोन्नत किया गया है और एक पैदल सेना डिवीजन के जीओसी के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कदम को बांग्लादेश की नई सैन्य रणनीति और महत्वपूर्ण पदों पर भरोसेमंद अफसरों की तैनाती के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव में दो-तिहाई बहुमत मिलने के बाद तारिक रहमान ने 17 फरवरी को शपथ ली थी, जिसके साथ ही मुहम्मद यूनुस के 18 महीने के अंतरिम शासन का अंत हो गया है।



### आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

राजनीतिक और सैन्य बदलावों के बीच भारत और बांग्लादेश के कूटनीतिक रिश्तों में भी जमी बर्फ पिघलती नजर आ रही है। ढाका में नियुक्त भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने रविवार को बांग्लादेश के नए विदेश मंत्री खलीलुर रहमान से मुलाकात की है। इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि भारत, बांग्लादेश की नई सरकार के साथ संवाद को आगे बढ़ाने के लिए काफी उत्सुक है। पिछले कुछ समय में दोनों देशों के रिश्तों में जो गिरावट आई थी, उसे सुधारने के लिए नई दिल्ली अब सक्रिय रूप से बातचीत करना चाहती है। इस बैठक में विदेश राज्य मंत्री शमा ओबैद भी मौजूद थीं, जहां आपसी सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### नई सरकार के आने से सुधार की उम्मीद

उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने स्पष्ट किया कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध परस्पर हित और लाभ के आधार पर मजबूत किए जाएंगे। उन्होंने सकारात्मक और रचनात्मक सोच के साथ हर क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने की इच्छा जताई है। मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के संबंध ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंच गए थे, लेकिन अब नई सरकार के आने से सुधार की उम्मीदें बढ़ गई हैं। भारत का संदेश साफ है कि वह पड़ोसी देश के साथ मिलकर विकास और शांति की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। सैन्य फेरबदल और राजनीतिक संवाद के इस दौर ने पूरे दक्षिण एशिया की नजरें बांग्लादेश की भावी दिशा पर टिका दी हैं।

# मैक्सिको में सेना ने बड़े ड्रग माफिया को मारा, देशभर में भड़का गृहयुद्ध

15 मिलियन डॉलर का था ईनाम समर्थकों ने सड़कों पर किया खूनी तांडव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मैक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। अमेरिका के लिए सिरदर्द बन चुके इस अपराधी की मौत के बाद मैक्सिको के कई राज्यों में हिंसा की आग भड़क उठी है। उसकी मौत की खबर मिलते ही कार्टेल के सदस्यों ने बदला लेने के लिए कई शहरों में आगजनी और हमले शुरू कर दिए हैं। जालिस्को, मिचोआकन और गुआडालाजारा जैसे इलाकों में भारी हिंसा भड़क गई है। कार्टेल के सदस्यों ने कारों को आग लगाकर सड़कों को जाम कर दिया है ताकि सुरक्षा बल आगे न बढ़ सकें। इसके चलते आम लोग डर के चलते एयरपोर्ट से बाहर भाग रहे हैं। एयर कनाडा ने प्यूर्टो वालार्टा और गुआडालाजारा के लिए फ्लाइट्स सस्पेंड कर दी हैं और कस्टमर्स को अपने एयरपोर्ट पर न जाने की एडवाइस दी है।

## भारत सरकार ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

### सेना ने चलाया था ऑपरेशन

तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान मेंचो वह घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मैक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं। एल मेंचो, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का लीडर था। जलिस्को कार्टेल मैक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपए का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मैक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे।



### मैक्सिको पर एक्शन लेने को दबाव बना रहे थे ट्रम्प

*जालिस्को कार्टेल (सीजेएनजी) कार्टेल 2009 में बना था। एल मेंचो की लीडरशिप में यह मैक्सिको का सबसे बड़ा ड्रग नेटवर्क बन गया था। यह कोकीन, मेथामफेटामिन और हाल के वर्षों में फेंटानिल जैसी सिंथेटिक ड्रग्स अमेरिका भेजता था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक मेंचों की मौत से मैक्सिको और अमेरिका के रिश्तों में सुधार हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प मैक्सिको पर दबाव बना रहे थे कि वह कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।*

### भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

भारतीय दूतावास ने मैक्सिको में रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए सोमवार को एक परामर्श जारी किया जिसमें उनसे सावधानी बरतने और घरों के अंदर रहने का आग्रह किया गया है। मैक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''मैक्सिको में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को सूचित किया जाता है कि सुरक्षा अभियान जारी हैं और इससे जुड़े सड़क अवरोध एवं आपराधिक गतिविधियां हो रही हैं। भारतीय नागरिकों को अगले आदेश तक सुरक्षित स्थानों पर रहने का परामर्श दिया जाता है।' इमरजेंसी में 911 पर कॉल करें। भीड़ से बचें।

# ईरान में जंग के हालात! भारतीयों से तत्काल देश छोड़ने की अपील

भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने ईरान में रह रहे भारतीय लोगों के लिए एक नई गाइडलाइन जारी की है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार, 23 फरवरी को जारी की गई एक एडवाइजरी में ईरान में मौजूद अपने सभी नागरिकों से कहा कि वे किसी भी उपलब्ध ट्रांसपोर्ट के जरिए देश छोड़ दें। यह सलाह मिडिल ईस्ट में युद्ध के बढ़ते डर और तेहरान (ईरान) और वाशिंगटन (अमेरिका) के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई है। तेहरान में भारतीय दूतावास के अनुसार, नई एडवाइजरी 'ईरान में बदलते हालात को देखते हुए' जारी की गई है। एडवाइजरी में कहा गया है, '14 जनवरी 2026 की एडवाइजरी में दोहराया गया है कि सभी भारतीय नागरिकों और पीआईओएस को सावधानी बरतनी चाहिए, विरोध या प्रदर्शन वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए, ईरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहना चाहिए और किसी भी डेवलपमेंट के लिए लोकल मीडिया पर नजर रखनी चाहिए।'

### भारतीय एंबेसी ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

तेहरान में इंडियन एंबेसी ने ईरान में सभी इंडियन नागरिकों से रिक्वेस्ट की है कि वे अपने इमिग्रेशन और ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स जैसे आईडी और पासपोर्ट अपने पास रखें और किसी भी मदद के लिए एंबेसी से कॉन्टैक्ट करें. वहीं, एंबेसी ने इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं: +989128109115; +989128109109; +989128109102; +989932179359।

### जंग के हालात

भारत की एडवाइजरी ऐसे समय सामने आई है, जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। अमेरिका ने अपने दो युद्धपोत ईरान के आसपास तैनात किए हुए हैं और साथ ही अपने लड़ाकू विमानों को भी पश्चिम एशिया में तैनात किया है। ईरान भी इस स्थिति से वाकिफ है और उसने अमेरिका के पश्चिम एशिया में मौजूद सैन्य ठिकानों पर हमले की धमकी दी है।

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# नेपाल: हाईवे से नदी में गिरी बस, 18 की मौत, 25 घायल

एजेंसी ▶▶| काठमांडू



नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं। आर्म्ड पुलिस फोर्स (एपीएफ) के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

- मरने वालों में 2 विदेशी नागरिक; कंट्रोल खोने से हादसा

बस (जीए 1 खा 1421) पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी किसी कारण ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। हादसा देर रात करीब रात 1:30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग इलाके में हुआ। फिलहाल पुलिस हादसे की अन्य वजहों की भी जांच कर रही है।

### हादसे के समय बस में 44 लोग सवार थे

मरने वालों में 12 पुरुषों और 6 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में कुल 44 यात्री सवार थे। घायल 26 यात्रियों को बचा लिया गया है। कुछ का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है, जबकि अधिकांश को आगे के इलाज के लिए काठमांडू रैफर कर दिया गया है। यह दुर्घटना आधी रात को होने के कारण बचाव अभियान में परेशानी हुई। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों के कर्मियों ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर बचाव कार्य किया।

पीएम मोदी के इजरायल दौरे पर डिफेंस डील संभव

# भारत को मिलेगी चर्चित आयरन डोम की तकनीक!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत की 'आत्मनिर्भरता' को अब तक की सबसे बड़ी मजबूती मिलने वाली है। इजरायल के मुंबई स्थित महावाणिज्य दूत यानिव रेवाच ने संकेत दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान दोनों देश अपने रक्षा समझौतों का विस्तार करेंगे। इस डील का सबसे अहम हिस्सा इजरायल की मशहूर 'आयरन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तकनीक का हस्तांतरण (टेक्नोलॉजी ट्रॉंसफर) हो सकता है। इजरायली राजदूत यानिव रेवाच के अनुसार, यह केवल हथियारों की खरीद-बिक्री का सौदा नहीं होगा, बल्कि 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत में ही इन प्रणालियों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।



### यह है आयरन डोम

इजरायल की 'आयरन डोम' प्रणाली मौजूदा दौर में सबसे उन्नत और विश्वसनीय मिसाइल रक्षा प्रणालियों में से एक मानी जाती है। आयरन डोम सिस्टम अपनी 90% से अधिक की सफलता दर के लिए जाना जाता है, जो दुश्मन की छोटी दूरी की मिसाइलों और रॉकेटों को हवा में ही तबाह कर देता है। यह विशेष रूप से कम और मध्यम दूरी की मिसाइलों, रॉकेटों और ड्रोन हमलों को हवा में ही नष्ट करने के लिए डिजाइन की गई है। हालिया संघर्ष के दौरान, इस प्रणाली ने अपनी अचूक क्षमता का प्रदर्शन किया। ईरान की ओर से दागी गईं लगभग 450 मिसाइलों और 1000 ड्रोनों में से आयरन डोम ने 90% से अधिक को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट (रोकना) किया था। यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर किसी भी मिसाइल डिफेंस सिस्टम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट: खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल — चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं: • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट — रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR clinic — वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव 11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:- 7987119756, 9303508130



## जब खुली किताब का फर्स्ट लुक आया सामने, ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया और पंकज कपूर अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। यह फिल्म सीधे ओटीटी पर दस्तक देगी। इस फिल्म में मशहूर एक्टर पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। इस फिल्म को सौरभ शुक्ला ने डायरेक्ट ही नहीं किया, बल्कि लिखा भी है। यह सौरभ शुक्ला के इसी नाम के ओरिजिनल प्ले पर बेस्ड है। फिल्म स्क्रीन पर एक प्यारा, मजेदार और इमोशनल लेयर वाला लेट-लाइफ रोमांस दिखाती है। 'जब खुली किताब' 6 मार्च से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है।

लाइफ Style

# आलिया
## बाफ्टा के मंच पर छा गईं

ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवाइर्स 2026 में आलिया भट्ट बतौर प्रजेंटर स्टेज पर नजर आईं। उन्होंने अपनी स्पीच से सबको गदगद कर दिया, जहां उन्होंने हिंदी की कुछ दमदार लाइनें कहीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवाइर्स 2026 में अपने डेब्यू से केवल अपने बॉलीवुड फैन्स ही नहीं बल्कि वहां मौजूद विदेशियों का भी दिल जीत लिया। एक तो रेड कार्पेट पर अपने खूबसूरत अंदाज से उन्होंने सबका ध्यान खींच लिया और फिर जब वो मंच पर आईं तो हिंदी में नमस्कार कहते हुए जो कुछ कहा, उसपर तालियां गूंज उठीं। जी हां, आलिया भट्ट की बाफ्टा में एंट्री को लेकर काफी समय से चर्चा थी जो अब पूरा हो गया। आलिया ने इस कार्यक्रम में स्टेज पर बतौर स्पीकर शिरकत की। उन्होंने हॉलीवुड के ग्लैमर को दिखाते हुए बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म को अवॉर्ड दिया। इससे पहले आलिया ने अपने भाषण से सबका दिल जीता। उन्होंने मंच पर नमस्कार कहते हुए कुछ लाइनें हिंदी में कही और फिर उन्होंने अपनी इन बातों को अंग्रेजी में भी समझाया जिसे सुनकर वहां मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाईं। आलिया भट्ट ने बाफ्टा मंच पर बुलाने से पहले होस्ट एलन कमिंग ने एक्ट्रेस का एक शानदार परिचय दिया और इसके बाद उन्होंने वहां एंट्री मारी। आलिया ने अपनी छोटी सी स्पीच में कहा, 'अगला अवार्ड एक ऐसी फिल्म के लिए है, जो अंग्रेजी में नहीं है।'






## गर्लफ्रेंड के साथ एरिक की तस्वीरें वायरल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता एरिक डेन का निधन 53 साल की उम्र में हुआ। इस दुख भरी घटना के बाद अब उनकी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ ने अभिनेता के निधन के बाद एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। जेनेल और एरिक की इंस्टाग्राम पर कई सुंदर तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिनमें एरिक अपनी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में एरिक अपनी प्रेमिका के साथ नजर आ रहे हैं। एरिक और जेनेल तीन साल से ज्यादा समय से ऑन-ऑफ रिलेशनशिप में थे। जून 2025 में उन्होंने 'काउंटडाउन' शो के प्रीमियर पर पहली बार साथ रेड कार्पेट पर आए थे। एरिक ने अपनी बीमारी के दौरान लोगों को बहुत प्रेरित किया। उन्होंने कहा था, 'चुनौतियों का सामना करो, चाहे स्वास्थ्य की हो या कोई और। कभी हार मत मानो। आखिरी सांस तक लड़ो। यह बीमारी मेरे शरीर को छीन रही है, लेकिन मेरी आत्मा को कभी नहीं छीन सकती। एरिक डेन का 19 फरवरी 2026 को 53 साल की उम्र में निधन हो गया। वे एएलएस (एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस) नाम की बीमारी से बहादुरी से लड़ रहे थे। उनकी बीमारी का खुलासा अप्रैल 2025 में हुआ था। उनके परिवार ने पीपल मैगजीन को बताया, 'भारी मन से हम सूचित करते हैं कि एरिक डेन गुरुवार दोपहर एएलएस से लड़ते हुए चल बसे।'





## अगर कुछ गलत है तो फिल्में बनाना छोड़ दूंगा

**मुंबई।** फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज से पहले इस पर बहस छिड़ी है। फिल्म का ट्रेलर जब से आया है, तब से इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। फिल्म की कहानी और थीम को लेकर इस पर विवाद शुरू हो गया है। इस बीच डायरेक्टर कामाख्या नारायण सिंह ने फिल्ममेकर के तौर पर अपनी भूमिका को लेकर हो रही चिंताओं का सीधे जवाब दिया है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर रहा हूं। मैंने हमेशा ऐसी डॉक्यूमेंट्री और फिल्में बनाई हैं, जो समाज की बुराइयों और मुद्दों को दिखाती हैं। उन्होंने फिल्म के असली होने पर अपना भरोसा जताते हुए कहा, 'मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है, मुझ पर भरोसा करें। अगर हमने फिल्म में कुछ भी गलत दिखाया है, तो मैं फिल्म बनाना छोड़ दूंगा'।



## काम पर लौटे राजपाल शुरू की शूटिंग...

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में जेल से बाहर आ चुके हैं। राजपाल अब काम पर लौट आए हैं। उन्होंने सोमवार को कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के सेट से अपना एक खास वैनिटी विचार का वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें उन्होंने कई बातों का जिक्र किया है। जो उनके फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। राजपाल की टीम ने बताया कि मुंबई पहुंचते ही वह शूटिंग में जुट गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें 30 से ज्यादा बड़े कलाकार हैं। जिसमें शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव। राजपाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपना पहला वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

## जुनैद की फिल्म 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक आमिर ने किया रिलीज



मुंबई। आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' जल्द ही रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शन ने इसका टाइटल ट्रैक बिल्कुल अलग अंदाज में रिलीज किया है। इस गाने में प्लेबैक सिंगिंग से दूर जा चुके अरिजीत सिंह की आवाज सुनाई दे रही। साथ ही आमिर खान और अरिजीत का एक अनेदखा वीडियो भी साझा किया गया है। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पिछले दिनों आमिर खान सिंगर अरिजीत सिंह के होमटाउन मुर्शिदाबाद पहुंचे थे। अरिजीत के साथ पूरा शहर घूमा। साथ ही उन्हें फिर से गाने के लिए राजी किया। इसके बाद अरिजीत ने फिल्म 'एक दिन' में गाना गाया। अब 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक गाते हुए अरिजीत सिंह का एक वीडियो सामने आया, इसे फिल्म के मेकर्स ने शेयर किया। इस वीडियो में आमिर खान अरिजीत को गाते हुए सुन रहे हैं। यह वीडियो फैंस के लिए किसी सरप्राइज की तरह साबित हुआ। अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट की घोषणा की थी। इस खबर को सुनकर आमिर खान उनसे मिलने पहुंचे। इसके बाद आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म 'एक दिन' में अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी। यह एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसमें अरिजीत ने अपनी आवाज का जादू चलाया है। एक दिन के टाइटल ट्रैक को आमिर खान प्रोडक्शन ने अलग अंदाज में दर्शकों के साथ साझा किया है। इसमें आमिर खान सामने बैठे हैं और अरिजीत गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं। इसके बाद वह सिंगर को मनाते हैं कि वह आगे भी गाना गाए। लेकिन अरिजीत शायद अपना फैसला नहीं बदलेंगे।

## फरवरी के आखिरी वीक में ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाल, दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** फरवरी विदा ले रही है। रंगों के त्योहार होली की तैयारी है। सिनेमाघरों में 'ओ रोमियो' से लेकर 'अस्सी' तक की चर्चा है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होंगी। थिएटर्स के अलावा कुछ सीरीज और फिल्में हमेशा की तरह ओटीटी पर भी आएंगी। फरवरी के इस आखिरी वीक में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाल रहेगा।

**इक्कीस :** दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म 26 फरवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



**इक कुड़ी :** यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। अब यह ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर 26 फरवरी से स्ट्रीम होगी। यह फिल्म शादी और रिश्तों को एक महिला के नजरिए से दिखाने की कोशिश करती है।

**द ब्लफ :** बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' भी फरवरी के आखिरी सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 25 फरवरी से प्राइम वीडियो पर आएगी।

टीवी मसाला



## पीयूष का जाना मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था : शुभांगी

**नई दिल्ली।** 'भाभी जी घर पर है' फेम शुभांगी अत्रे ने एक बातचीत में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। दिवंगत पति से लेकर शिल्पा शिंदे तक पर अपनी राय रखी। छोटे पर्दे पर अंगूरी भाभी बनकर हंसाने-गुदगुदाने वाली शुभांगी अत्रे निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ावों से गुजरीं, मगर उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन करना नहीं छोड़ा। पति से अलगाव, सिंगल मदर होने की चुनौतियों और फिर पति के जाने की पीड़ा के बीच उन्होंने कलाकार होने का धर्म हमेशा निभाया। दस सालों तक भाबी जी घर हैं, से जुड़ी रहने वाली शुभांगी की जगह आज भले शिल्पा शिंदे ने वापसी की है, मगर शुभांगी को कोई शिकवा नहीं है। वे इसी शो पर आधारित फिल्म भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन से चर्चा में हैं। अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर का जिक्र करते हुए वे कहती हैं, 'पिछले तीन -चार साल मेरे लिए काफी टफ रहे। मैं बहुत प्राइवेट पर्सन रही हूं। मेरा बहुत बड़ा सर्कल नहीं है, मैं पार्टियों की शौकीन नहीं हूं। मेरे लिए मेरा घर और काम सबसे अहम रहा है, तो वो जो सेपरेशन (पति से अलगाव) वाला समय था, वो बहुत मुश्किल था। पिछले साल जब पीयूष (उनके पति) चल बसे, तो वो मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था। (कहते-कहते वे रो पड़ती हैं) मगर मुझे यकीन है कि वे मुझे और आशी (उनकी बेटी) को आशीर्वाद देते रहेंगे। मैं पीयूष को अपनी खुशनुमा यादों में रखना चाहती हूं। हाल ही में मैं भोपाल जाऊंगी अपने मम्मी-पापा के साथ फिल्म देखने, तो एक सीट पीयूष के लिए रिजर्व रखूंगी, क्योंकि मेरे दिवंगत पति ने एक्ट्रेस बनने में मुझे बहुत सपोर्ट किया। ये मेरा खुद से वादा है कि एक सीट उनके लिए मेरी बगल में जरूर होगी।' अपनी बीस साल की बेटी आशी के साथ अपनी बॉन्डिंग के बारे में वे कहती हैं, 'आज लगता है कि यंग मदर बनने के कई फायदे हैं। पहले लगता था कि ये मैं कितनी जल्दी मां बन गई, मगर अब मदरहुड खूब इंजॉय करती हूं। काम करते -करते मुझे काफी चोटें लगती रहती है, तो मेरी बेटी कल ही मुझसे कह रही थी कि मम्मा आप अभी खुद ही टॉडलर हैं।

### वन बैटल आफ्टर अनदर और सिनर्स का रहा दबदबा

# भारतीय फिल्म 'बूंग' ने पहली बार जीता बाफ्टा अवॉर्ड

**मुंबई।** बाफ्टा अवॉर्ड 2026 में भारतीय फिल्म 'बूंग' ने चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा इस बार बाफ्टा में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और 'सिनर्स' का दबदबा रहा। लियोनार्डो डिकैप्रियो की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत छह पुरस्कार जीते। वहीं, अमेरिकन फिल्म सिनर्स और हॉरर कहानी फ्रैंकस्टीन ने तीन-तीन पुरस्कार जीते। जेसी बकले ने हैमनेट के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि, रॉबर्ट आरामयो ने ब्रिटिश इंडी फिल्म आई स्वियर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया।

*लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में 79वें बाफ्टा अवाइर्स आयोजित हुए। बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों की लिस्ट में भारतीय फिल्म 'बूंग' भी रही। वहीं, लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और अमेरिकी फिल्म 'सिनर्स' का बोलबाला रहा।*

### वन बैटल आफ्टर अनदर ने मारा सिक्सर

पॉल थॉमस एंडरसन की राजनीतिक थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने शाम पर अपना दबदबा कायम किया और सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह पुरस्कार जीते। इनमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशक, अडॉप्टेड स्क्रीनप्ले, सिनेमैटोग्राफी, एडिंग और सपोर्टिंग एक्टर (मेल) का अवॉर्ड शामिल है। शॉन पेन के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता।



### सिनर्स ने रचा इतिहास

इसके ठीक पीछे रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' थी, जिसने तीन पुरस्कार जीतकर बाफ्टा इतिहास रच दिया। यह ब्रिटिश अकादमी में किसी अश्वेत फिल्म निर्माता की फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक पुरस्कार है। फिल्म के लिए वुन्मी मोसाकु ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि रयान कूगलर ने बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही वह इस श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत फिल्म निर्माता बन गए। वहीं सिनर्स ने बेस्ट ओरिजिनल का अवॉर्ड भी अपने नाम करके तीन अवॉर्ड जीते।

### मणिपुरी फिल्म बूंग लेकर आई खुशखबरी

बाफ्टा से भारत के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी मणिपुरी फिल्म बूंगलेकर आई। फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस मणिपुरी फिल्म बूंग ने बेस्ट चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इस फिल्म को लक्ष्मीप्रिया देवी ने निर्देशित किया है। बूंग ने नॉमिनेशन में फ्रेंच फिल्म आर्को, अमेरिकन साइंस फिक्शन कॉमेडी लिलो एंड स्टिच और जूटोपिया 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ा।

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म - बैटल आफ्टर अनदर
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - जेसी बकले (हैमनेट)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - रॉबर्ट आरामयो (आई स्वियर)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री - वुन्मी मोसाकु (सिनर्स)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता
- आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म- हैमनेट
- बेस्ट चिंड्रेंस एंड फैमिली फिल्म - बूंग
- गैर अंग्रेजी भाषा की फिल्म - सेंटिमेंटल वैल्यूज
- बेस्ट स्क्रीनप्ले - सिनर्स
- बेस्ट एनिमेटेड फिल्म - जूट्रोपोलिस 2
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री - मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन
- बेस्ट सिनेमैटोग्राफी - वन बैटल आफ्टर अनदर
- बेस्ट एडिटिंग - वन बैटल आफ्टर अनदर
- स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स - अवतारः फायर एंड ऐश
- ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म - दिस इज एंडोमेट्रियोसिस
- राइजिंग स्टार - रॉबर्ट अरामायो (सिनर्स)

## पति पर फिर भड़कीं वड़ा पाव गर्ल

**नई दिल्ली।** चंद्रिका दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक नई रील शेयर की है। इसमें उन्होंने पति युगम गेरा को चेतावनी दी है और कहा है कि उनके पास सिर्फ 3 दिन का समय है, उसके बाद वह उनका मां वाला रूप देखेंगे। वड़ा पाव गर्ल उर्फ चंद्रिका दीक्षित बीते 20 दिनों से इंस्टाग्राम पर छाई हुई हैं। पति युगम गेरा पर धोखा देने का आरोप लगाने से लेकर मिस्ट्री मैन संग प्यार के फूल खिलाने तक के वीडियोज वह शेयर कर रही हैं, जिस पर लोग तरह-तरह के रिएक्शन्स दे रहे हैं। हालांकि, उनके पति भी पलटवार कर रहे हैं। इन तीनों के बीच आखिर क्या चल रहा है, इसकी जानकारी तो हो नहीं सकी है। लेकिन, लेटेस्ट वीडियो में 'बिग बॉस ओटीटी 3' कंटेस्टेंट ने 3 दिन की मोहलत जरूर दी है। इंस्टाग्राम पर चंद्रिका ने एक वीडियो बनाकर शेयर की। इसमें वह युगम को चेतावनी देते हुए कह रही हैं, 'दुकान चाहिए? रख। दुकान रखनी थी तो रख। दुकान का एक्सेस रख, पैसे रख, घर-बार सब रख ले। बस एक बात ध्यान से सुन, अब मुझे तुझसे जुड़ी चीज कुछ भी नहीं चाहिए। न तेरा पैसा, न तेरा नाम। तेरा नाम भी नहीं चाहिए। रोज-रोज-रोज... नहीं हो रहा है अब मेरे से।'



पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है
अंचलः द्वितीय तल, सीआई स्क्वायर के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042 फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836
पंजाब एण्ड सिंध बैंक धमतरी, छतीसगढ़ में शाखा हेतु कमर्शियल परिसर जो भूतल पर स्थित हो तथा जिसका कारपेट क्षेत्रफल 1000-1200 वर्गफिट हो, लीज आधार पर कम से कम 15 वर्ष हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 09.03.2026 है। विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://punjabandsind.bank.in/module/tender-list देखें। आंचलिक प्रबंधक, भोपाल

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171
ईओआई सूचना
ईओआई सं. : IRCON/CO/S&T/BD/SECR/Raipur/EOI/2026 दिनांक : 23.02.2026
इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक नवरत्न पीएसयू द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु प्री-बिड पार्टनर / एसोसिएट एजेंसी / सब-कॉन्ट्रैक्टर के रूप में जुड़ने हेतु एस एंड टी अनुभवी एजेंसियों से खुली अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है:-
"एसईसीआर की रायपुर डिवीजन में संबद्ध एस एंड टी, सिविल एवं विद्युत कार्यों सहित सी-केबिन, डी-केबिन, ई-केबिन, पी-केबिन, फ्रेट मेंनटेनेंस यार्ड, भिलाई एक्सचेंज यार्ड, तिल्दा और बैकुंठ स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग संस्थापनाओं के साथ पैनल इंटरलॉकिंग संस्थापनाओं का ईपीसी-प्रतिस्थापन।"

| | |
|---|---|
| ईओआई की ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 07.03.2026 17:30 बजे (आईएसटी) तक |

अधिक जानकारी एवं अपडेट के लिए कृपया ई-टेंडर वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app एवं https://www.ireps.gov.in/epsn/anonymSearch.do# पर निविदा खंड देखें। संशोधन / शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। मुख्य महाप्रबंधक / एस एंड टी, सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017

चिंतन

# बैंक निगरानी प्रणाली को और सख्त बनाएं

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में सामने आया 590 करोड़ रुपये का घोटाला केवल एक बैंक या एक शाखा की चूक भर नहीं है, बल्कि यह पूरे बैंकिंग तंत्र की निगरानी और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। बैंक का यह कहना कि मामला एक ही ब्रांच तक सीमित है, आश्वस्त करने वाला अवश्य है, परंतु यह पर्याप्त नहीं। वित्तीय व्यवस्था भरोसे पर टिकी होती है, और जब उसी भरोसे में दरार पड़ती है तो उसका प्रभाव दूरगामी होता है। घोटाले के खुलासे के बाद बैंक के शेयरों में लगभग 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई, जो मार्च 2020 के बाद सबसे बड़ी गिरावट बताई जा रही है। बाजार पूंजीकरण में 14,438 करोड़ रुपये की कमी इस बात का संकेत है कि निवेशकों का विश्वास किस तेजी से डगमगा सकता है। बैंक के अनुसार, चंडीगढ़ शाखा के कुछ कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार से जुड़े खातों में बिना अनुमति लेन-देन किया, जिससे 590 करोड़ रुपये की जमा राशि में गड़बड़ी सामने आई। यह मामला तब उजागर हुआ जब 18 फरवरी 2026 को सरकार की संस्थाओं ने खातों में वास्तविक शेष राशि और दावा की गई राशि के बीच अंतर पाया। सवाल यह है कि इतनी बड़ी रकम का हेरफेर लंबे समय तक कैसे चलता रहा और आंतरिक ऑडिट या निगरानी प्रणाली को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? यह घटना स्पष्ट संकेत देती है कि केवल नियमों का होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनका प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी अधिक महत्वपूर्ण है। आज बैंकिंग प्रणाली में कोर बैंकिंग सॉल्यूशन, डिजिटल ट्रैकिंग, ऑडिट ट्रेल और जोखिम प्रबंधन जैसी कई परतें मौजूद हैं। फिर भी यदि कर्मचारियों की मिलीभगत से इतनी बड़ी राशि का दुरुपयोग हो सकता है, तो यह 'इनसाइडर रिस्क' की गंभीर समस्या को रेखांकित करता है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जांच के आदेश देते हुए कहा है कि सरकार ब्याज सहित पूरी राशि अधिकृत बैंक में स्थानांतरित करेगी। मामला भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और सतर्कता विभाग को सौंपा गया है। यह कदम स्वागतयोग्य है, परंतु राजनीतिक बयानबाजी से आगे बढ़कर संस्थागत सुधार की आवश्यकता है। सबसे अहम प्रश्न यह है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जाए। इसके लिए कुछ ठोस कदम उठाने होंगे। बैंकों में आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को और अधिक तकनीकी रूप से सशक्त किया जाए। एआई आधारित 'रियल टाइम ट्रांजेक्शन मॉनिटरिंग' सिस्टम लागू किए जाएं, जो असामान्य गतिविधियों पर तुरंत अलर्ट जारी करें। कर्मचारियों के लिए सख्त 'रोटेशन पॉलिसी' लागू की जाए। एक ही शाखा या विभाग में लंबे समय तक तैनाती से जोखिम बढ़ता है। नियमित अंतराल पर स्थानांतरण और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन से मिलीभगत की संभावनाएं कम की जा सकती हैं। नियामक संस्थाओं द्वारा आकस्मिक निरीक्षण (सप्राइज ऑडिट) की आवृत्ति बढ़ाई जानी चाहिए। केवल वार्षिक या तिमाही ऑडिट पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। वहीं, व्हिसलब्लोअर तंत्र को और मजबूत बनाया जाए, ताकि ईमानदार कर्मचारी बिना किसी भय के संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकें। बैंकिंग व्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि सरकारी खातों तक में इस तरह की अनियमितता संभव है, तो आम खाताधारकों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता स्वाभाविक है। साथ ही, तकनीकी उन्नयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देकर ही भविष्य में ऐसे घोटालों पर प्रभावी लगाम लगाई जा सकती है।



विरोध
उमेश चतुर्वेदी

# नग्न प्रदर्शन से साख पर सवाल

स्वाधीनता आंदोलन और उसके पहले विरोधी आंदोलन चलाने का कांग्रेस का लंबा इतिहास रहा है। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इसलिए लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व इसके लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसके विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों ने भी इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की कमी हो गई है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। वह मोदी के बरअक्स लड़ाई में किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती।

विरोध और मतभिन्नता लोकतंत्र का आभूषण होता है। लेकिन विरोध का तरीका क्या हो या फिर किस जगह हो, इसकी समझ होनी चाहिए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ इतिहास के हर पग के साथ कांग्रेस आगे बढ़ती रही है। विरोधी आंदोलन चलाने का स्वाधीनता के पहले उसका लंबा इतिहास रहा। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इस वजह से उससे लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों व विरोध के लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसकी ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। पूर्व पत्रकार पवन खेड़ा जैसा प्रवक्ता 20 फरवरी के विरोध प्रदर्शन को चाहे जितना भी वाजिब ठहरा रहा हो, कांग्रेस की इस प्रदर्शन के लिए किरकिरी ही हो रही है।

संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भाजपा के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर ऐसा विरोध प्रदर्शन उचित नहीं था। अखिलेश यहीं तक नहीं रुके, उन्होंने कांग्रेस को एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि विदेशी प्रतिनिधियों के सामने देश को शर्मिंदा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस के साथ हर मुमकिन मौके पर गलबहियां डालकर चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी कांग्रेस को उपदेश ही दिया कि शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन विरोध का तरीका बेहतर हो सकता है।

ऐसा नहीं कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध की परंपरा नहीं रही है। भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही कहे जाने वाले लोहिया ने विरोध करने का जो मुहावरा दिया, वह भारतीय राजनीति का सर्वस्वीकार्य रहा है। उन्होंने संसद से सड़क तक विरोध का तरीका बताया। लोहियावादी विरोध कई मायनों में आक्रामक ही कहा जाएगा। लेकिन विरोध कब और कहां किया जाना चाहिए, इसे लेकर भी भारतीय राजनीति में आमराय रही है। विरोध के मंच ऐसे नहीं होने चाहिए, जिससे भारत को एक राष्ट्र के रूप में वैश्विक शर्मिंदगी उठानी पड़े। इस सूत्र वाक्य को भारतीय राजनीति अपनाती रही है। लेकिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में 20 फरवरी को युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन इस सूत्र वाक्य का एक तरह से उल्लंघन ही माना जाएगा। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के समर्थक और साथी दल इसकी आलोचना कर रहे हैं या फिर कांग्रेस को नसीहत दे रहे हैं। जिस इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के विरोध के लिए किया, उसमें 118 देशों के सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 16 से 21 फरवरी तक चले इस सम्मेलन में 22 देशों के शासनाध्यक्षों व मंत्री स्तर के 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के बाद जो नई दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया, उस पर 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर करके सहमति जताई है। जिसमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे प्रमुख देशों की भी भागीदारी है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वैश्विक स्तर के एआई नेता और 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता



है कि इस के घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पेरिस में हुए एआई वैश्विक सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने हस्ताक्षर नहीं किया था। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक मामलों में फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन एक ही खेमे के देश हैं। जाहिर है कि ऐसे मंच का महज पीएम के विरोध के लिए इस्तेमाल करना सही कदम नहीं माना जाएगा।

भले ही इस विरोध प्रदर्शन को मायावती भी अनुचित बता चुकी हों, वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगनमोहन रेड्डी गलत बता चुके हों, फिर भी कांग्रेस द्वारा इसे वाजिब ठहराया जाना साबित करता है कि पार्टी के केंद्रीय ढांचे में उचित-अनुचित का भेद करने वाली शख्सियतों की कमी हो गई है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी खेमे में ही उसकी सत्ता से दूरी से उपजी हताशा को माना जा रहा है। लेकिन विपक्षी खेमा इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व को ही जिम्मेदार ठहराता है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की बहुत कमी हो गई है। इसलिए पार्टी में एकाधिकारवादी और बेपरवाह सोच हावी होती गई है। विपक्षी खेमे के साथ ही पार्टी के कुछ लोग मानते हैं कि अगर पिछले आम चुनाव से पहले नीतीश कुमार को राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस ने अपना नेता मान लिया होता या इंडिया गठबंधन का संयोजक स्वीकार कर लिया होता तो संभवतः देश का इतिहास कुछ और होता। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के बरअक्स नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हैं, जिनकी राष्ट्रव्यापी एक छवि है। नीतीश के पास बिहार के अतिरिक्त देश के दूसरे इलाके में जमीनी नेतृत्व और संगठन नहीं है। लेकिन उनकी पहचान पूरे देश में है और उनकी छवि भी विपक्षी खेमे के दूसरे नेताओं की तुलना में कहीं ज्यादा पाक-साफ है। मौजूदा कांग्रेस की कमी यह है कि वह अगले पल उठाए जाने वाले अपने हर कदम के परिणामों का आकलन राहुल गांधी की राजनिक सेहत के लिहाज से करती है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी कोई शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। मोदी के बरअक्स लड़ाई में वह किसी दूसरे विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती। मोदी विरोधी कदम उठाते वक्त वह भूल जाती है कि उन कदमों का राजनीतिक हासिल क्या होगा? फिर राहुल समर्थक मंडली उन्हें मोदी के बरअक्स सिर्फ नैरेटिव केंद्रित राजनीति की ही सलाह देती है। इन वजहों से राहुल का विरोध भी देश को उनकी तरफ आकर्षित करने का माध्यम नहीं बन पा रहा है।

भारत मंडपम में पूरे पांच दिन चले कार्यक्रम का असर दिल्ली के साथ गुड़गांव व नोएडा के ट्रैफिक पर भी पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कल्पनाहीनता से ट्रैफिक में फंसकर दिल्ली तकरीबन पूरे पांचों दिन हांफती रही। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का ध्येय वाक्य 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' को भी लोग कोसते दिखे। कहने का मतलब यह है कि इस सम्मेलन की अहमियत के बावजूद इससे एक बड़ा तबका हलकान रहा। अव्वल तो ऐसे माहौल में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता एकदम नहीं दिखा। कांग्रेस हालांकि दावा करती है कि देश अब मौजूदा सरकार से नाराज है। अगर उसके ही दावों को सच मान लें तो होना तो ये चाहिए था कि कांग्रेस के प्रदर्शन को देश हाथोंहाथ ले। पर ऐसा नहीं हुआ। वजह यह है कि कांग्रेस आलानेतृत्व के कदम आम लोगों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय सलाहकार मंडली की सलाहें जनता के दिलों में मोदी विरोधी हिलोरें पैदा नहीं कर पा रही हैं, तो इसकी वजह यही है कि पार्टी के विरोध करने के शऊर, मुद्दे और मंच सही नहीं हैं। इसी वजह से उनकी साख नहीं बन पा रही है। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को पता है कि राजनीति में साख का क्या महत्व होता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

पहल
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्कूलों में फोन पर रोक बच्चों की बेहतरी से जुड़ा कदम

हाल में ही हिमाचल प्रदेश में बच्चों के स्कूल में मोबाइल फोन लाने पर प्रतिबंध लगाने का सार्थक फैसला किया गया। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए यह आवश्यक कदम उठाया है। जिसके तहत 1 मार्च के बाद राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में मोबाइल फोन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बच्चों को स्कूल परिसर में मोबाइल लाने की अनुमति नहीं होगी। इतना ही नहीं इस निर्णय को सख्ती से लागू करने के लिए जुर्माना लगाने का भी निर्णय लिया गया है। इसीलिए किसी विद्यार्थी के पास मोबाइल फोन मिलने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाने और मोबाइल जब्त किए जाने का भी प्रावधान किया जाएगा। इतना ही नहीं बच्चे के माता-पिता को भी स्कूल बुलाकर समझाया जाएगा। बार-बार नियम तोड़ने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और बेहतर स्कूलों में बेहतर परिवेश बनाने से जुड़ी इस कवायद को लेकर राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा जल्दी ही मानक प्रक्रिया तैयार की जाएगी। मौजूदा समय में बच्चों को हर ओर से तकनीकी गैजेट्स ने घेर लिया है। घर का आंगन हो या स्कूल परिसर। खेल का मैदान हो या सहज सामाजिक आयोजन। बच्चे हर समय स्क्रीन के संसार में गुम रहते हैं। जिसके चलते आपराधिक गतिविधियों, अवसाद और अकेलेपन का भी शिकार बन रहे हैं। ऑनलाइन खेलों के चैलेंज पूरे करने के फेर में जीवन से हार रहे हैं। पढ़ाई में पीछे हो रहे हैं। मोबाइल फोन के इस्तेमाल की अति अकादमिक मोर्चे पर बच्चों के प्रदर्शन में आ रही गिरावट की बड़ी वजह बन गई है। ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों के चलते बच्चे बार-बार स्क्रीन खंगालते हैं। कुछ समय पहले आई यूनेस्को की 'टेक्नोलॉजी इन एजुकेशन' रिपोर्ट के मुताबिक टेक्नोलॉजी से हद से ज्यादा जुड़े रहना, विशेष रूप से स्मार्टफोन के इस्तेमाल की अति से बच्चों के प्रदर्शन पर नकारात्मक पड़ रहा है। यूनेस्को की इस रिपोर्ट में सभी देशों से सावधानीपूर्वक विचार करने और स्कूलों में टेक्नोलॉजी का सार्थक ढंग से इस्तेमाल करने का आग्रह किया गया था। चिंतनीय है कि मोबाइल पर गेम खेलने की लत हो या रील-वीडियो देखने रहने का जुनून। बच्चों का बहुत सा समय स्क्रीन स्क्रॉलिंग में ही बीत रहा है। मोबाइल फोन का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों का समय ही नहीं लील रहा उनकी सेहत पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। मनोवैज्ञानिक रूप से बच्चों के दिलों दिमाग को बांधती स्क्रीन की दुनिया उनका जीवन तक छीन रही है। ऐसे मामले भी सामने आए है कि फोन छोड़ने की और डांटने-डपटने से बच्चों ने सुसाइड जैसे कदम उठा लिया। बीते दिनों गाजियाबाद में ऑनलाइन गेम कोरियन लवर के जाल में फंसकर तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। कुछ समय पहले मध्य प्रदेश में ऑनलाइन गेमिंग में 40 हजार रुपये हारने पर 6वीं कक्षा में पढ़ रहे 13 साल के बच्चे का आत्महत्या की थी। इन्हीं दिनों हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक किशोर ने ऑनलाइन गेम के अपने एक विदेशी साथी के बिछड़ने की पीड़ा के चलते जीवन का साथ छोड़ दिया।

एक ओर ऑनलाइन गेम की लत अपराध और अवसाद की ओर धकेल रही है तो दूसरी ओर बच्चों का व्यक्तित्व ही कई तरह के डिसऑर्डर का शिकार हो रहा है। हर वक्त स्क्रीन में आंखें गड़ाये रखना सिरदर्द, गर्दन और कंधे का दर्द, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी व्यवहारगत तकलीफों का भी कारण है। इसीलिए घर हो या स्कूल, फोन के इस्तेमाल की समय सीमा तय करना आवश्यक है। स्पष्ट है कि बच्चों का जीवन सहेजने और बालमन को सार्थक दिशा देने के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और सरकारी नियम-कायदों की एक साझी रूपरेखा आवश्यक है। इसके लिए मोबाइल फोन के सार्थक और संयमित उपयोग करने का पाठ पढ़ाना बेहद जरूरी हो गया है। थोड़ी सख्ती और सहज समझाइश का मेल इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। मोबाइल के उपयोग के मामले में बच्चों को अनुशासित बनाने के लिए हर समय मोबाइल साथ न रखने का नियम एक सार्थक कदम है। अभिभावकों का साथ मिलने पर यह मुहिम और प्रभावी बन सकती है। समझना आवश्यक है कि घर-परिवार और स्कूल परिसर के सधे नियम ही नयी पीढ़ी को स्क्रीन में समाये वर्चुअल संसार के बजाय वास्तविक जीवन से जोड़ सकते हैं। सामाजिक मेलजोल में रुचि जगा सकते हैं। शारीरिक-मानसिक व्याधियों से बचा सकते हैं। पढ़ाई के मोर्चे पर फोकस्ड रख सकते हैं। ऐसे में हिमाचल सरकार द्वारा बच्चों की बेहतरी की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम वाकई सराहनीय है।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है। अधिकांश लोग व्रत, उपवास एवं अनुष्ठान करते हैं।

# हृदय से जो जाओगे सबल समझूंगा तोहे



संकलित
प्रेरणा

एक बार सूरदास जी चलते-चलते मार्ग में एक गहरे गढ्ढे में गिर गए और निकलने के सारे प्रयास असफल हो गये। अपने कान्हा को ही पुकारने लगे, एक भक्त अपने जीवन में विपत्ति काल में प्रभु को ही तो पुकारता है। जैसे ही सूरदास जी ने कान्हा को याद किया, प्रभु भी उसकी पुकार सुने बिना नहीं रह पाए! सच है जब एक भक्त दिल से पुकारता है तो यह टीस प्रभु के दिल में भी उठा करती है। उसी समय एक बाल गोपाल के रूप में वहाँ प्रकट हो गए, और प्रभु के पांव की नन्ही-नन्ही सी पैजनिया की छन-छन की आवाज सुनते ही सूरदास जी को समझते देर न लगी। कान्हा उनके समीप आये और बोले अरे बाबा नीचे क्या कर रहे हो, लो मेरा हाथ पकड़ो और जल्दी से ऊपर चले आओ। जैसे ही सूरदास जी ने इतनी प्यारी सी मिश्री सी घुली हुई वाणी सुनी तो जान गए की मेरा कान्हा आ गया, और बहुत प्रसन्न हो गए, और कहने लगे की अच्छा कान्हा, बाल गोपाल के रूप में आ गए, कन्हाई तुम आ ही गए न? बाल गोपाल कहने लगे अरे कौन कान्हा ? किसका नाम लेते जा रहे हो,जल्दी से हाथ पकड़ो और ऊपर आ जाओ, ज्यादा बातें न बनाओ। सूरदास जी मुस्कुरा पड़े और कहने लगेः सच में कान्हा तेरी बांसुरी के भीतर भी वो मधुरता नहीं, माना कि तेरी बांसुरी सारे संसार को नचा दिया करती है लेकिन तेरे भक्तों का दुःख तुझे नचा देता है। क्यों कान्हा सच है न? तभी तो तू दौड़ा चला आया। जैसे ही उन्होंने इतना कहा सूरदास जी ने झट से कान्हा का हाथ पकड़ लिया और उस मंगलमय ब्रह्मसंस्पर्श से वे रोमांचित हो उठे।

## ऊंट की सवारी



राजस्थान के जैसलमेर में सैम ड्यून्स पर टूरिस्ट सोमवार को ऊंट की सवारी का आनंद लेते हुए।

## आज की पाती

### बच्चों को न दें मोबाइल और वाहन

सातवीं कक्षा की एक छात्रा स्कूटी पर अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़कर आ रही थी। वापसी में एक वाहन से टकराने से गहरी चोट के कारण उसकी मौत हो गई। यह छात्रा रोज स्कूटी पर ही जाती थी। क्या इसे कभी किसी ने रास्ते में चैक नहीं किया। माता-पिता भी दोषी हैं, जो बच्चों को वाहन-फोन देकर उन्हें रोगों व मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार नाबालिग के वाहन चलाने पर अभिभावकों को तीन साल की कैद व 25 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति ने भी ऐसे मामलों में सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। बच्चों के लिए न तो मोबाइल ठीक है, और न ही वाहन। कई अन्य शहरों में भी इस तरह के हादसे हो रहे हैं। इन पर रोक लगाने के लिए बच्चों को मोबाइल और वाहन नहीं दिए जाने चाहिए। **– प्रभुनाथ सिंह, रायपुर**

## ट्रेंड

### हमेशा याद किए जाएंगे रॉय



पूर्व केंद्रीय मंत्री मुकुल रॉय के निधन से दु:ख हुआ। उन्हें अपने राजनीतिक अनुभव और समाज की सेवा के प्रयासों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। वे बंगाल के बहुत अनुभवी नेता थे। उनके परिवारजनों और समर्थकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। ओम शांति। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### इंडी का नेतृत्व छोड़ें राहुल



ममता दीदी के बिना, इंडिया गठबंधन का 'आई', 'एन', 'डी', 'आई', 'ए' खत्म हो जाएगा, क्योंकि वे इस गठबंधन की लीडर हैं। उनके साथ, दो-चार और लोग हैं जो यह जगह पा सकते हैं। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को गठबंधन का नेतृत्व करने की बजाय छोटी पार्टियों को मौका देना चाहिए। **-मणिशंकर अय्यर,** कांग्रेस नेता

### इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा हो



कोई यह नहीं कह सकता कि मणिशंकर अय्यर को अपनी राय देने का हक नहीं है। लेकिन, जब फैसला होगा, तो वह इंडिया ब्लॉक लेगा। लीडरशिप के मुद्दे पर पहले इंडिया ब्लॉक के अंदर ही चर्चा होनी चाहिए। राहुल ने भाजपा व सरकार से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। **-उमर अब्दुल्ला,** मुख्यमंत्री, जम्मू कश्मीर

### एआई से पेशेवरों की मांग बढ़ेगी



एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा, बल्कि पेशेवरों के काम को रचनात्मक एवं बेहतर बनाएगा। इससे कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और उनके वेतन में सुधार होगा। हमें हमेशा खुद से पूछना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना है। **-ब्रैड स्मिथ,** अध्यक्ष, माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन

## करंट अफेयर

# नासा का चंद्र रॉकेट फिर हैंगर लौटेगा, उड़ान टली

नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, कम से कम अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने बृहस्पतिवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई। इंजीनियरों ने हाइड्रोजन रिसाव पर काबू पा लिया था और प्रक्षेपण के लिए छह मार्च की तिथि तय की। प्रक्षेपण में एक माह का विलंब पहले ही हो चुका है। अचानक हीलियम प्रणाली में बाधा उत्पन्न हो गई जिससे रॉकेट के ऊपरी चरण तक हीलियम का प्रवाह बाधित हुआ। इंजनों को शुद्ध करने और ईंधन टैंकों में दबाव बनाए रखने के लिए हीलियम आवश्यक होती है। नासा ने एक बयान में कहा, समस्या के कारण का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए रॉकेट को केनेडी के 'व्हीकल असेंबली बिल्डिंग' में वापस ले जाना आवश्यक है।



## ऑफ बीट

# रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## ट्रेलर से टकराने से ट्रक चालक की मौत

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने बताया कि 22 फरवरी को मेघनाथ साहू करमालकाटा पो किशोर नगर थाना किशोर नगर जिला अंगुल ओडिशा अपने ट्रक क्र सीजी 04 एचपी 7298 से ओडिशा से रायपुर की ओर जा रहा था। सुबह खड़े ट्रक से टक्कर होने पर मेघनाथ की मौत हो गई।


**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (1st Call)**

NIT NO: 2921/PWD/Zone-5/2026 RAIPUR DATED: 23-02-2026

Online bids are invited for the following works up to 17-03-2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract | Remark |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 186118 | जोन क्र. 05 पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 40 विनायका विहार में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 25.38Lacs | 1st Call |
| 2 | 186120 | डॉ. खूबचंद बघेल, वार्ड क्र. 68 अंतर्गत गणपति नगर, डेयरी मोहल्ला, भरत किराना स्टोर्स, रूची रिया साड़ी स्टोर्स, सांस्कृतिक भवन के पीछे किरण ब्यूटी पार्लर, शर्मा आटा चक्की, महादेव नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पाईप लाईन विस्तार। | 29.51Lacs | 1st Call |
| 3 | 186121 | जोन क्र. 05, भक्तमाता कर्मा वार्ड क्र. 67 अंतर्गत पी.एस. सिटी, साकेत विहार, मैप्पल ग्रीन के क्षेत्र में 100 एमएम पाईप लाईन का विस्तार कार्य। | 33.89Lacs | 1st Call |
| 4 | 186122 | वार्ड क्र. 40 अंतर्गत सेक्टर 02 के विभिन्न क्षेत्रों में रोड, नाली एवं पुलिया मरम्मत एवं निर्माण कार्य। | 13.47Lacs | 1st Call |
| 5 | 186124 | महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड क्र. 42 अंतर्गत शक्ति चौरा, सोनकर पारा में रोड़, नाली एवं पुलिया निर्माण मरम्मत कार्य। | 10.00Lacs | 1st Call |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 24.02.2026 10:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible (i.e. Registration, G.S.T./ PAN card/ ITR /Commercial Tax current/ Current Revenue Solvency) and interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. 2.Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

ZONE COMMISSIONER, ZONE - 5
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)


# धान से भरा ट्रक ने युवक को रौंदा, 3 किमी तक घिसटती रही बाइक, आरोपी चालक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-130 सी पर सोमवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। चिचिया के पास धान से भरी ट्रक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई, उसके शव के चीथड़े उड़ गए। जबकि पीछे बैठा युवक दूर जा गिरा और उसकी जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक ट्रक के बंपर में फंस गई। ट्रक का पिछला पहिया बाइक सवार को रौंदते हुए निकल गया, जिससे करीब 15 मीटर तक शव के अवशेष सड़क पर फैल गए। हादसे के बाद भी ट्रक नहीं रुका बताया जा रहा है कि टक्कर से ट्रक का एक टायर भी फट गया, इसके बावजूद वाहन आगे बढ़ता रहा। फंसी हुई बाइक को घसीटते हुए ट्रक करीब 3 किलोमीटर दूर बरबाहली गांव के पास जाकर ग्रामीणों ने रोका। मृतक की पहचान कुम्हड़ीखुर्द निवासी 42 वर्षीय अशोक यादव के रूप में हुई है। वह अपने रिश्तेदार गुड़िया यादव के साथ ओडिशा में एक सामाजिक कार्यक्रम से लौट रहा था।



### पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया

थाना प्रभारी फैजुल हुदा शाह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को रोका। चालक को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि इसी क्षेत्र में दो दिन पहले भी सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हुई थी, जिससे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

### धान से भरी थी ट्रक

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक धान से भरी हुई थी और तेज रफ्तार में चल रही थी। गहनामुड़ा के पास बाइक को टक्कर मारने के बाद चालक ने वाहन नहीं रोका और चिचिया हाई स्कूल तक युवक को घसीटते हुए ले गया, जिससे घटनास्थल पर भयावह दृश्य बन गया।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत

**कोदवागोडान।** कोदवागोडान में बीते रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। पुरानी दारू भट्टी मार्ग के पास दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ग्राम कोदवा गोडान स्थित पुरानी दारू भट्टी मार्ग पर दोनों बाइक सवार तेज गति से आमने-सामने आ रहे थे। बताया जा रहा है कि सड़क के मोड़ और तेज रफ्तार के कारण दोनों का संतुलन बिगड़ गया और भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। हादसे में जान गंवाने वाला युवक पेशे से बर्फ बेचने का कार्य करता था। वह रोज की तरह अपने काम के लिए निकला था, तभी यह हादसा हो गया। टक्कर के बाद वह सड़क पर दूर तक घिसटता चला गया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान होते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## मवेशियों को कत्लखाना ले जाते दो गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** जंगल रास्ते से मवेशियों को कत्लखाना ले जाए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दो आरोपियों को पकडा। जिनसे 2 नग मवेशी बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने 22 फरवरी को पशु तस्करी करते आरोपी कुदरत खान 32 साल निवासी टीमकीटोला जिला बालाघाट मध्यप्रदेश, भुनेश्वटर बघेल 35 साल निवासी गाडाघाट जिला केसीजी को 2 नग मवेशी को खैरागढ़ की ओर से जंगल के रास्ते कत्लनखाना ले जाते हुए पकड़ा। पुलिस के अनुसार पहाड़ी जंगल गातापार में दो नग भैंस को क्रूरतापूर्वक पैर एवं गला में रस्सी बांधकर बिना चारा-पानी के लाठी-डंडा से मारते कत्लखाना नागपुर महाराष्ट्र ले जाते पाए जाने पर आरोपी भुनेश्वेर बघेल के कब्जे से एक नग भैंस एवं एक नग पडवा कीमती 11000 रुपए एवं 3 नग प्लास्टिक रस्सी व कुदरत खान से होंडा साइन मोटर साइकिल को जब्त किया।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर, जिला रायपुर**

क्र./ 01 / अविअ/ खाद्य / 2026 रायपुर, दिनांक 19/02/2026

**विज्ञापन**

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की खण्ड 9 (2) के प्रावधान के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन हेतु कार्यालय से जारी विज्ञापन क्रमांक / 476 / अविअ / खाद्य / 2025, दिनांक 05.08.2025 तथा विज्ञापन क्रमांक / 477 / अविअ / खाद्य / 2025, दिनांक 05.08.2025 में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस तक निर्धारित की गई थी। परन्तु कुछ पंचायतों से आवेदन कम प्राप्त हुए थे परिणामस्वरूप शासकीय उचित मूल्य दुकानों के आबंटन हेतु पुनः विज्ञापन जारी कर आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि विज्ञापन में प्रकाशित दिनाँक से 15 दिवस तक नियत की जाती है। पूर्व में जारी विज्ञापन के शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

जनपद पंचायत धरसींवा के ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम/ग्राम पंचायत में शासकीय उचित मूल्य दुकान नवीन आबंटित किये जाने हेतु उचित मूल्य दुकान संचालन करने के इच्छुक सहकारी सोसाइटियों/महिला स्वयं सहायता समूह/ग्राम पंचायत/वन सुरक्षा समितियों/अन्य उपभोक्ता सोसाइटी ग्रामवार संख्या एवं नियमावली, आवेदन पत्र का विहित प्रारूप (परिशिष्ट- एक) अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर, जिला रायपुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धरसींवा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

| क्र. | दुकान आई डी | आबंटित किये जाने हेतु क्षेत्र | नवीन प्रस्तावित शास. उ. मू. दुकानों की संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 442001068 | पंडर भट्ठा | 1 | |
| 2 | 442001065 | काठाडीह | 1 | |
| 3 | 442001067 | मलौद | 1 | |
| 4 | 442001060 | मनोहरा | 1 | |
| 5 | 442001061 | सोण्डरा | 1 | |
| 6 | 442001044 | सेरीखेड़ी | 2 | एक नवीन, एक पूर्व से संचालित दुकान हेतु |
| 7 | 442001021 | सेजबहार | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 8 | 442001028 | टेकारी | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 9 | 442001042 | माना बस्ती | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 10 | 442001064 | बेरियाकला | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 11 | 442001072 | सिलतरा | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 12 | 442001084 | मांढर | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |
| 13 | 442001079 | छपोरा | 1 | पृथक से नवीन दुकान हेतु |

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालित करने हेतु आवेदन विहित प्रारूप (परिशिष्ट- एक) में समस्त वांछित दस्तावेजों सहित विज्ञापन में प्रकाशित दिनाँक से 15 दिवस तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा तहसील कार्यालय धरसींवा जिला रायपुर कक्ष क्रमांक 01 में प्रेषित किया जा सकता है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
रायपुर (छ.ग.)

G-252606830/2



महाराष्ट्र शासन
**कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय, सार्वजनिक बांधकाम विभाग क्र. 3.**
**ग्रामीण पोलीस अधिक्षक कार्यालयासमोर, सिव्हील लाईन्स, नागपूर-1.**
Email: div3nagpur.ee@mahapwd.gov.in
दुरध्वनी क्र. (0712) 2561586
**ई निविदा सुचना क्रमांक 31/2025-26**
**जावक क्रमांक: 533 / निविदा, दिनांक 13.02.2026**

कार्यकारी अभियंता, सा. बां. विभाग क्र.3, सिव्हील लाईन्स, नागपूर हे महाराष्ट्र शासनाचे वतीने कुठल्याही पंजिबध्द कंत्राटदार / पात्र सक्षम व्यक्तिकडून खालील कामाकरिता ऑनलाईन पध्दतीने ई-निविदा मागवित आहे. निविदा कागदपत्र शासनाच्या संकेतस्थळावर http://mahatenders.gov.in येथून डाउनलोड करण्यात यावी. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार सक्षम अधिकारी यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| अ.क्र | कामाचे नांव | कामाची अंदाजित किंमत (रू लक्षात) | निविदा प्रपत्र किंमत ( रूपये ) (जीएसटी करासह) | काम पुर्ण करण्याचा कालावधी (महिने) | ई निविदा फार्म |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ |
| 1 | खापरी डव्वा परसोडी हळदगांव चांपा रस्ता प्रजिमा ३५ किमी २७/६०० ते ३९/४०० मध्ये दोन लहान पुलाचे कामासह सुधारणा करणे ता. उमरेड जि. नागपूर | ६२८७.०० लक्ष | ३५४० | २४ | ब-२ |
| 2 | गोंडबोरी सेलोटी बोर्डकला रस्ता प्रजिमा १४३ किमी ०/०० ते १०/०० मध्ये सुधारणा करणे ता. भिवापूर जि. नागपूर | ११६३.०० लक्ष | ३५४० | १५ | ब-२ |
| 3 | मांढळ नवेगांव (देवी) माजरी खेंडा देवळी (खुर्द) भिवकुंड रस्ता प्रजिमा ११८ किमी ०/०० ते ४/०० मध्ये सुधारणा करणे ता. कुही जि. नागपूर | १०९८.०० लक्ष | ३५४० | १२ | ब-१ |
| 4 | कान्होलीबारा वारंगा घोगली चिचोली सावंगी रस्ता ते रा.म. ३६१ रस्ता प्रजिमा १०७ किमी ०/०० ते ९/८०० मधील किमी ६/९०० (आजनगांव जवळ) मध्ये पुलाचे बांधकामासह सुधारणा करणे ता. हिंगणा जि. नागपूर | १०१६.०० लक्ष | ३५४० | १२ | ब-१ |
| 5 | बेला ठाणा प्रजिमा ३६ ते २ दोन पदरी रस्ता किमी १३/६०० ते १६/८०० मध्ये सुधारणा करणे ता. उमरेड जि. नागपूर | ७८६.०० लक्ष | ३५४० | १२ | ब-१ |
| 6 | गोडबोरी सेलोटी बोर्डकला पांढरवानी धामनगांव टाका भिसी ते रा.म. ३५३ इ रस्ता प्रजिमा १४३ किमी ३/१०० मध्ये मोठया पुलाचे बांधकाम व पोच मार्गासह बांधकाम करणे ता. भिवापूर जि. नागपूर | ३७७.०० लक्ष | २३६० | १२ | ब-१ |
| 7 | प्रजिमा ३६ ते मुरादपुर गांव इजिमा २५४ किमी ०/०० ते १/०० मध्ये मजबुतीकरण व डांबरीकरण करणे ता. उमरेड जि. नागपूर | ४२.०३ लक्ष | ५९० | ०६ | ब-१ |

**ई-निविदा डाउनलोड व विक्री कालावधी :- दिनांक 24.02.2026 ते 10.03.2026**
**निविदा पूर्व बैठक (अ.क्र.1 ते 6 कामांकरीता) :- दिनांक 02.03.2026 रोजी 16.00 वाजता मुख्य अभियंता, सा. बां. प्रादेशिक विभाग, नागपूर यांचे कार्यालयात**
**ई- निविदा (तांत्रिक लिफाफा) उघडणे :- दिनांक 12.03.2026 ठिकाण अधिक्षक अभियंता, सा. बां. मंडळ, नागपूर यांचे कार्यालयात अ.क्र. 1 ते 6 कामांकरीता तसेच अ. क्र. 7 चे कामाकरीता कार्यकारी अभियंता, सा.बां. विभाग क्र. 3. नागपूर येथे राहील.**

खालील संकेतस्थळावर ई-निविदांची सर्व माहिती उपलब्ध राहिल.
1) http://mahatenders.gov.in
2) कार्यकारी अभियंता, सा. बां. विभाग क्र.3, सिव्हील लाईन्स, नागपूर कार्यालयातील सुचना फलक.
3) निविदा प्रपत्रातील अटी शर्ती प्रत्येक निविदाकारास लागु/बंधनकारक राहतील. निविदा सुचनेतील कामासंबंधात कोणताही बदल फक्त http://mahatenders.gov.in या साईटवरच प्रकाशित केल्या जाईल.
4) निविदा शक्यतो निश्चीत दिवशी उघडण्यात येतील. काही अपरिहार्य कारणास्तव निश्चीत दिवशी उघडणे शक्य न झाल्यास त्या पुढील कार्यालयीन कामाकाजाचे दिवशी उघडण्यात येईल.

सही/-
(वैशाली गोडबोले)
कार्यकारी अभियंता
सार्वजनिक बांधकाम विभाग क्र.3,
नागपूर

आरओसी-2025-26/क्र-5-सी 6104


## भाजपा नेता की हत्या करने ली थी सुपारी

- महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक से लूट मामले के सात आरोपी गिरफ्तार
- पूछताछ में कई खुलासे

**बिलासपुर।** मोपका स्थित महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक पर पिस्टल के बट और हथौड़ी से वार कर करोड़ों की ज्वेलरी लूटने वाले आरोपी पिछले 2 माह से होटल और फार्महाउस में रहकर प्लानिंग करते रहे, लेकिन इसकी पुलिस को भनक तक नहीं लगी। पकड़े गए आरोपियों ने पिछले 2 माह के दौरान होटल व्यवसायी लखन देवांगन उर्फ नीटी को लूटने का प्रयास किया, साथ ही वे सदर बाजार के बड़े ज्वेलर्स दुकान में लूट का और पार्षद बंधू मौर्य के हत्या का प्रयास कर चुके हैं। मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार राजकिशोर नगर होटल में रूकने के दौरान आरोपियों ने महालक्ष्मी ज्वेलर्स में लूट का प्लान बनाया था। इसके लिए नारद श्रीवास ने विनोद उर्फ बिन्नू प्रजापति को फोन कर लूट को अंजाम देने के लिए बुलाया, बिन्नू के साथ विजय लांबा, करीब खान, मोनू उर्फ राहूल को दिल्ली से अनुपपुर लाया। इसके बाद अनुपपुर में ही बस से बिलासपुर पहुंचते तक लूट का प्लान तैयार किया गया। इससे पहले विजय लांबा ने मैनपाट के मेले में बाइक की चोरी की। झलमला सीपत निवासी इरफान अली को प्लान शामिल कर लिया गया। वे इरफान की स्कार्पियो से अंबिकापुर से बिलासपुर पहुचे। इन्होंने पार्षद बंधू मौर्य की हत्या करने और महालक्ष्मी ज्वेलर्स की रैकी करने के लिए 4 पहिया वाहन की जरूरत पड़ने पर अकलतरा से मारूती इको की चोरी की। 17 फरवरी की रात 9.15 बजे महालक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक संतोष तिवारी दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे, इस दौरान उनसे करोड़ों की लूट की थी। जानकारी के अनुसार राजू सोनकर बेलतरा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष के पद पर रह चुका है। वहीं बंधु मौर्य ने बीजेपी की टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़ा था। राजू सोनकर ने बंधु मौर्य के घर और दुकान की रेकी कराई थी। आरोपियों को इस बात की जानकारी थी कि बंधु मौर्य हर सुबह करीब 4 से 5 बजे सब्जी मण्डी जाता है और उसके पास लाखों रूपये रहते हैं। राजू सोनकर ने हत्या कर उससे रकम लूटने के लिए भी आरोपियों को उकसाया था। विनोद प्रजापति ने ही नारद श्रीवास के लिए पिस्टल मंगवाया था।

## सड़क हादसे में बाइक सवार महिला घायल

**धमतरी।** मगरलोड निवासी उर्मिला सोनी पति चांद कुमार उम्र 48 वर्ष अपने रिश्तेदारों के साथ गंगरेल गई थी। शाम को बाइक में पीछे बैठकर वापस लौट रही थी। रूद्री रोड में पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी के साथ बाइक की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक में पीछे बैठी महिला घायल हो गई। वहीं स्कूटी सवार लड़कियों को चोट नहीं लगी।


**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा,
अटल नगर, नवा रायपुर - 492018 फोन - 0771-2990592,
email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./ बी - 6/मुख्या. भवन नवा रायपुर /71/ 25-26 / 8628 रायपुर, दिनांक 20/02/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट (द्वितीय) निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 10.03.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 17.03.2026

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | निविदा राशि (लाख में) | एस.ओ. आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 8 | नवीन मुख्यालय भवन कयाबांधा सेक्टर 24 नवा रायपुर मे (01) बेसमेंट जी + 4 का समस्त सिविल कार्य मय बाउण्ड्रीवाल (02) स्थल विकास, संपूर्ण कार्य, मय पार्किंग, पहुंच / आंतरिक सड़क सहित, (03) बेसमेंट जी + 4 में संपूर्ण प्लाम्बिंग, सेनेटरी के संपूर्ण कार्य मय समस्त एसेसरिज सेनेटरी वेयर आदि, (04) बेसमेंट जी + 4 के समस्त आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण के संपूर्ण कार्य तथा बेसमेंट जी + 4 के सभी फिक्चर्स (ट्यूब, पंखे आदि), (05) संपूर्ण परिसर का लैंडस्केपिंग मय हार्टिकल्चर एवं अन्य संबधित निर्माण कार्यो के शेष कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 38.35 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ. आर. पर |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते है ।

प्रबंध संचालक

S-46988/2



**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006
CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Reg No. 22AABCM6288N5ZY
Phone: 0771-6621000 Fax: 0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

**NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**

NIT No. 21 /CSIDC/E.E./Division-II/2025-26 Raipur, Dated 20/02/2026

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-B" (Item Rate Basis) for the following work :-

| NIT No. No. & System No. | Name of work | Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't. | Time allowed (including rainy season) | Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs) | EMD (INR Lacs) | Cost of Tender Document (Including GST 18%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 186079 | Up-gradation of Infrastructure like B.T. Road, R.C.C. Drain R.C.C. Hume Pipe Culvert & Street Light at I/A Tendua & Sondongri, Raipur (C.G.) | Class-B & Above | 06 Months | 887.60 | 443800/- | 3,540/- |

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 21/02/2026 Time 17.00 hrs. and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

NOTE: The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखे www.csidc.in

Executive Engineer
(Division-II)

S-46981/1



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
**दूरभाष 0788-2210876**

दुर्ग, दिनांक 17.02.2026

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 05.03.2026 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. / | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 349/185759 | लोक निर्माण विभाग, गुण्डरदेही के अंतर्गत गुण्डरदेही धमतरी मार्ग के कि. मी. 26/6 एवं 26/10 में विशेष मरम्मत कार्य | 34.81 | द्वितीय |
| 350/185760 | शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालयमें 02 नग अतिरिक्त कक्ष एवं कॉरीडोर का प्रथम तल का निर्माण कार्य | 18.31 | द्वितीय |
| 351/185761 | जिला कबीरधाम विकास खण्ड पंडरिया के नगर पंडरिया में गांधी चौक से मुख्य मार्ग के पेट्रोल पम्प तक (शहरी क्षेत्र भाग 30/8 से 31/8 एवं 32/6 से 33/2) आर्दश रोड़ रूप में 2.00 कि.मी. नवीनीकरण | 65.13 | द्वितीय |
| 352/185762 | जिला जेल कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. की मुख्य बाण्ड्रीवॉल की ऊचाई बढाने का कार्य | 20.80 | द्वितीय |
| 353/185764 | ग्राम सिंघारी विकास खंड़ बोड़ला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 50 सीटर बालक छात्रावास का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित | 182.10 | द्वितीय |
| 354/185767 | जिला दुर्ग उपसंभाग क्र. 01 दुर्ग के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन का निर्माण कार्य | 67.99 | तृतीय |

टीपः-
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

G-252606839/4



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक**
**जिला - नारायणपुर (छ.ग.)**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा क्रमांक/M-326/पुअ/ना0पुर/एसी-1/2025-26/ नारायणपुर,दिनांक 20/02/2026

पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार ("डी" श्रेणी एवं अधिक) पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

(1) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 05.03.2026 के 05:00 बजे तक
(2)निविदा प्राप्ति/जमा की अंतिम तिथि :- 06.03.2026 के 04:00 बजे तक
(3) निविदा खोले जाने की तिथि :- 07.03.2026 के संध्या 5:00 बजे
(4)निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750/- (चालान के माध्यम से पुलिस 0055, 800- अन्य प्राप्तियां)
(5)कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह (वर्षा ऋतु सहित)
(6) ठेके की आमंत्रण क्रमांक :- "डी" एवं उच्च श्रेणी लोनिवि के श्रेणी के पात्रतानुसार (प्रथम बार)
(7) प्रभावी दर अनुसूची :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी एस.ओ.आर. में प्रचलित

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (प्रति नग) | धरोहर राशि प्रति नग |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम कस्तुरमेटा, मोहदी, कोडलियार, कुतुल, बेड़माकोटी (कस्तुरमेटा-2) पदमकोट, नेलाँगूर, ईरकभट्टी, कच्चापाल, एड़जुम, इदवाया, आदेर में ग्राम रक्षा समिति हेतु कक्ष निर्माण कार्य | 3.00 (लाख) | 6000=00 |
| 2. | फेंसिग कार्य 44वीं वाहिनी आई.टी.बी.पी. टेक हेड क्वार्टर सुपगांव नारायणपुर में 600 मीटर कसर्टिना क्वायल | 10.20 (लाख) | 20400=00 |

नोट :- निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक, कार्यालय नारायणपुर में सम्पर्क कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक,
नारायणपुर

G-252606850/2


## पत्नी और बच्चों से मारपीट, जुर्म दर्ज

**कांकेर।** तलाक देने के बाद भी पत्नी के घर में रहने की बात को लेकर पति के साथ ससुराल पक्ष के लोगो ने महिला के साथ मारपीट किया। आरोपी पति द्वारा पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट से परेशान होकर महिला ने चारामा थाना में शिकायत दर्ज कराया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे शीतलापारा वार्ड क्रमांक 3 चारामा निवासी 35 वर्षीय लुमेश्वरी साहू पति अजय साहू ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी वर्ष 2012 में समाजिक रीतिरिवाज के साथ संपन हुआ है। 21 फरवरी को शाम लगभग 7 बजें पति अजय साहू पिता ने मेरे घर में रहते हो मै तुमको तलाक दे दिया हूं, फिर भी तुम लोग मेरे घर में रह रहे हो, मेरे घर से चले आओ बोलकर गली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मेरी बच्ची 12 वर्षीय हर्षिता साहू व 10 वर्षीरू यश कुमार साहू के साथ भी मारपीट कर घर से निकल जाओ बोलकर गाली गलौज किया।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**
**दूरभाष 0788-2210876**

**( ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना )**
**( प्रथम आमंत्रण)**

दुर्ग, दिनांक 11.02.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 03.03.2026 तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 342/185542 | जिला - बेमेतरा के वि.ख. नवागढ़ में जोड़ा जैतखाम का निर्माण कार्य | 81.96 |
| 343/185543 | खैरागढ़ ब्लॉक के घोंघेडबरी से चिचोला मार्ग कि.मी. 1/2 से 1/6 (100), 1/10 (100) से 2/2, 2/6 कुल लं. 1.00 कि.मी. में विशेष मरम्मत कार्य | 11.97 |
| 344/185544 | जिला कबीरधाम मुडघुसरी से ठाकुरटोला मार्ग लं. 3.30 ( कि.मी. 1 से 4/4), ठाकुरटोला से बांटीपथरा मार्ग लं. 4.00 कि.मी. (कि.मी. 1 से 4 / 10) एवं सिंघरी से पांडातराई मार्ग लं. 8.40 कि.मी. ( कि.मी. 1 से 9/4), कुल लं. 15.40 में नवीनीकरण कार्य | 147.00 |
| 345/185545 | जिला कबीरधाम कोयलरझोरी कन्हारी लं. 5.40 कि.मी., बेंदा पहुंच मार्ग लं. 3. 00 कि.मी. 1 से 3/10, घानीखूंटा से कन्हरी मार्ग लं. 4.70 कि.मी. 1 से 8 (100 मी.) खरहट्टा से कुसुमघटा मार्ग लं. 5.20 कि.मी. एवं मानिकपुरी से कुसुमघटा लं. 2.00 कि.मी. कुल लं. 20.30 कि.मी. में नवीनीकरण कार्य | 186.16 |
| 346/185546 | साजा उपसंभाग के अंतर्गत मोहतरा चौक से अमलीडीह मार्ग दोनो ओर ( मोहतरा बस्ती पोर्शन) कार्य लं. 359 मीटर | 19.76 |
| 347/185548 | साजा उपसंभाग के अंतर्गत गण्डई मेन रोड़ से पथरीखुर्द मार्ग दोनो ओर ( मोहतरा बस्ती पोर्शन) कार्य लं. 865 मीटर | 26.86 |
| 348/185552 | उपसंभाग छुईखदान के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में विशेष मरम्मत कार्य | 40.00 |

टीपः- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। 2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

G-252606838/6

## खबर संक्षेप

### बेंगलुरु में कॉलेज छात्रा से गैंगरेप, दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**बेंगलुरू।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में 19 साल की एक कॉलेज छात्रा ने दो युवकों पर प्राइवेट बंगले में गैंगरेप का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने शिकायत में कहा कि 15 फरवरी को जक्कुर स्थित एक बंगले में उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया। उसका आरोप है कि दोनों आरोपियों ने जबरन उसे एक दवा खिलाई, जिसके बाद उसे चक्कर आने लगे, पसीना आने लगा और वह बेहोश हो गई। शिकायत के अनुसार, जब उसे थोड़ा होश आया तो एक आरोपी उसके साथ अश्लील हरकत कर रहा था। इसके बाद दोनों ने रेप किया।

### थाईलैंड में फंसे भारतीय मजदूर, विदेश मंत्रालय से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) भारत ने मीडिया में आई उस खबर का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले के कम से कम छह लोग थाइलैंड मे फंसे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, उनकी कंपनियों ने पिछले छह महीनों से थाईलैंड के बैंकॉक के पास एक इलाके में बंधक बनाकर रखा है। प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) ने एक रिलीज जारी कर कहा कि खबरों के अनुसार, यह घटना 17 फरवरी 2026 को तब सामने आई जब पीड़ितों ने अपनी आपबीती सुनाते हुए एक वीडियो रिकॉर्ड किया।

## पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र, कहा

# सोनार बंगाल का सपना देखने वाले लोग दुखी, 'एबार भाजपा सरकार' का दिया नारा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि जय मां काली, अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएग

पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को पत्र लिखा है। उन्होंने 'एबार भाजपा सरकार' का नारा देते हुए ममता बनर्जी को घेरा है। पीएम मोदी ने लिखा कि सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी है। पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। पीएम मोदी ने पत्र में लिखा कि जय मां काली, अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा। आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है। मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिला आज बहुत पीड़ा में हैं। उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है। इसलिए, मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है, पश्चिम बंगाल को 'विकसित' और समृद्ध बनाने का संकल्प। पिछले 11 वर्षों में देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर मेरी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। किसानों के कल्याण से लेकर युवाओं के सपनों को साकार करने तक, और मातृशक्ति के सशक्तीकरण से लेकर समाज के हर वर्ग तक, हमारी नीतियों और निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आज साफ दिखाई दे रहे हैं।

### युवा रोजगार के लिए पलायन को मजबूर, माताएं और बहनें असुरक्षित

बंगाल वोट बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा



पीएम नरेंद्र मोदी फाइल फोटो

'जय मां काली' से पत्र की शुरूआत की

#### केंद्र की योजनाओं का दिया हवाला

पीएम ने दावा किया कि राज्य सरकार के असहयोग के बावजूद पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग जन-धन योजना से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 85 लाख शौचालय बने। उज्ज्वला योजना के जरिए 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों को गैस कनेक्शन मिला।

#### राज्य की जर्जर हालत देख मन व्यथित

पीएम मोदी ने लिखा कि इस गौरवशाली राज्य की जर्जर हालत देखकर मेरा मन व्यथित हो उठता है। पिछले छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसे बयान नहीं किया जा सकता। एक तरफ, रोजगार के अभाव में युवा दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं, तो दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल में मेरी माताएं और बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं।

#### अराजकता के अंधेरे में डूबा बंगाल

पीएम ने लिखा कि स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल का सपना देखा था, वह आज वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा हुआ है और यह हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है।

#### अब परिवर्तन अनिवार्य

पीएम ने लिखा कि लेकिन कब तक हम चुपचाप यह सब सहते रहेंगे? अब परिवर्तन अनिवार्य है। देश के कई राज्यों में आज जीवन स्तर बेहतर हुआ है, गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आई है। 'आयुष्मान भारत' से स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है।

### ममता का आखिरी चुनावः शाह



पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने दावा किया है कि बंगाल में इस बार परिवर्तन तय है और भाजपा की सरकार बनने जा रही है। सीएम ममता बेनर्जी इस विधानसभा चुनाव में साफ होने वाली हैं। उनके राजनीतिक जीवन का आखिरी चुनाव साबित होगा और पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी।

ममता का सियासी दांव

### भाजपा सांसद को बंगाल के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा



ममता बेनर्जी ने पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले भाजपा के हिस्से से राजवंशी समुदाय का वोट झटकने के लिए पासा फेंक दिया है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा के राज्यसभा सांसद अनंत महाराज को बंगाल का सर्वोच्च सम्मान दिया जाना ममता बेनर्जी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अनंत महाराज को भारतीय जनता पार्टी ने 2023 में राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया था।

**खालिस्तानी ग्रुप ने ईमेल में लिखा- दिल्ली बनेगा खालिस्तान, आर्मी-एयरफोर्स स्कूल को भी धमकी**

# दिल्ली विस-सचिवालय को बम ब्लास्ट की धमकी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा भवन, दिल्ली सचिवालय और लाल किले को बम ब्लास्ट में उड़ाने की धमकी दी गई है। सोमवार को खालिस्तानी ग्रुप का धमकी वाला ईमेल भेजा गया। जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हुईं, विधानसभा भवन की सर्चिंग की गई। बम स्क्वाड और डॉग स्क्वॉड सर्च में जुटीं लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, लाल किला की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। इससे पहले दिल्ली स्थित धौला कुआं के आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी। जानकारी मिलने पर दिल्ली पुलिस, बम स्क्वाड, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची थी। पूरा कैंपस खाली कराया गया। जांच में कुछ भी नहीं मिला था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ईमेल में दिल्ली बनेगा खालिस्तान की धमकी दी गई थी। लिखा था कि अगले 3 दिनों के भीतर आर्मी स्कूल, लाल किला और मेट्रो स्टेशनों पर विस्फोट हो सकते हैं। ईमेल में विधानसभा, आर्मी स्कूल और लाल किले के लिए अलग-अलग समय भी लिखा था।

## भारत वैश्विक स्तर पर सशक्त स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को दे रहा बढ़ावाः नड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को नई दिल्ली में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'एडवांटेज हेल्थ केयर-इंडिया 2026' को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। यह 'एडवांटेज हेल्थ केयर-इंडिया' का आठवां आयोजन है। उन्होंने कहा कि मेडिकल वैल्यू ट्रैवल इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए अंतर-मंत्रालयी और नियामक समन्वय को बढ़ा रही है।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत ने एक लचीली, उच्च गुणवत्ता वाली और विश्व स्तर पर समन्वय वाली स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए व्यापक सुधार किए हैं।

**एनसीपी विधायक ने लगाया आरोप**

## राजीव गांधी की तरह हुआ अजित पवार का मर्डर!

एजेंसी ⏭ मुंबई



नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी(एनसीपी) अजित पवार गुट के विधायक अमोल मिटकरी ने अजित पवार के प्लेन क्रैश हादसे पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने पूछा कि अजित पवार का मर्डर उसी तरह हुआ जैसे एलटीटीई (लिट्टे) ने राजीव गांधी का मर्डर किया था? क्या कैप्टन सुमित कपूर सुसाइड बॉम्बर बनकर आए थे? उन्होंने पूछा कि अगर कपूर की पत्नी कह रही हैं कि वह जिंदा हैं, तो क्या सुमित कपूर सच में प्लेन क्रैश में मारे गए थे? वह अकोला जिले के बालापुर तालुका के पारस फाटा में मुरलीधर राउत मित्र मंडल के शिव जयंती प्रोग्राम में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जब अजित पवार के प्लेन क्रैश का इतना बड़ा राज है तो महाराष्ट्र इतना शांत कैसे है? दरअसल, पुणे जिले के बारामती में 28 जनवरी को एनसीपी नेता और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का विमान क्रैश हुआ था। इस हादसे में उपमुख्यमंत्री सहित 5 लोगों की मौत हुई थी। हादसे पर तभी से लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं।

**तमिलनाडु में एसआईआर**

## हटे 74 लाख से ज्यादा नाम रह गए 5.67 करोड़ वोटर्स



मतदाता सूची को देखते अधिकारी

एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस बड़े अभियान में 74 लाख से ज्यादा नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। संशोधित सूची के अनुसार अब राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 5 करोड़ 67 लाख रह गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अलग-अलग जिलों के आंकड़े जारी कर रहे हैं। यह कार्रवाई चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत की गई है। इनमें पुरुष मतदाता 2,77,38,925, महिला मतदाता 2,89,60,838 और तीसरे लिंग के 7,617 मतदाता हैं। इस पुनरीक्षण का मकसद मतदाता सूची को साफ और सही बनाना है।

## दिल्ली हाईकोर्ट बोला- बेरोजगार पत्नी आलसी नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के बीच गुजारा भत्ता से जुड़े एक मामले पर कहा कि बेरोजगार पत्नी आलसी नहीं होती। घर संभालना, बच्चों की देखभाल और परिवार की मदद करना भी काम है, भले ही वह बैंक खाते में नजर न आए। ऐसे में गुजारा भत्ता तय करते समय पत्नी के योगदान को नजरअंदाज करना गलत है। जस्टिस स्वर्णा कांत शर्मा ने 16 फरवरी को दिए इस फैसले में कहा कि घरेलू काम का भी आर्थिक महत्व होता है और इसे नजरअंदाज करना नाइंसाफी है। हाईकोर्ट ने कहा कि एक गृहिणी खाली नहीं बैठती, वह ऐसा काम करती है जिससे कमाने वाला पति सही तरीके से काम कर पाता है।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेट . कपड़े की थोक दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कियों की आवश्कता है संपर्क करे- नंद होजयरी डिपो जयहिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मो. 9243103125. (आरो-166)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- पूनम स्वीट्स, प्रतिष्ठित मिठाई दुकान में सेल्समेन, सेल्सगर्ल्स, मिठाई कारीगर एंव नाश्ता कारीगर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन कोई शैक्षणिक योग्यता नहीं. रहने की सुविधा उपलब्ध। सम्पर्क: पूनम स्वीट्स, जयस्तंभ चौक, रायपु Mob:- 9893397633. (आरो-16572)

### पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- चायपत्ती के पैकिंग कार्य हेतु लड़की व महिला और पुरूष, लड़कों की जरूरत है संपर्क करें - जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर के सामने गली 74699-80000, 0771-4075490.(RO-6684)

### मशीन ऑपरेटर

**टेक्सटाईल स्पिनिंग (धागा) मिल, रायपुर (छत्तीसगढ़)**
नई टेक्सटाईल धागा मिल में साफ व ठंडे वातावरण में मशीन चलाने हेतु नये/पुराने अनुभवी वर्कर्स चाहिए। रहने की उत्तम सुविधा व कैंटीन मिल में उपलब्ध।
पहले दिन से PF/ESIC कवरेज व पेमेन्ट सीधे बैंक खाते में। 240 दिन से अधिक हाजरी पर छुट्टी का पैसा अलग।
संपर्क करें। 9827163216 8462933820

### क्लिनिक/ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- क्लिनीक/ऑफिस में कार्य हेतु,दसवीं/ बारहवीं पढ़े लड़की/लड़के की आवश्यकता है, स्थायी निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार मो.- 9303242200, 7987365434 मिलने का समय- सुबह 10बजे से 1बजे तक पता:-स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे दुर्ग (छ.ग.) (आरो न.-4139)

### सेल्स एक्जीकेटिव

आवश्यकता है- दुर्ग, धमतरी, बेमेतरा, बालोद, जिला में कार्य करने हेतु Solar सेल्स एग्जीक्यूटिव- 7पद (Male/Female) भिलाई में ऑफिस असिस्टेंट- 2पद (Female), solar panel लगाने हेतु 8 (Male) technician की आवश्यकता है। पता- Elite Electrical and Solar Power, Hind Nagar, Bhilai 9977000162. (आरो नं.-229)

### ड्रायवर/चौकीदार

आवश्यकता है- कर्मचारी चाहिए गंजपारा पुलगांव नाका में नवनिर्मित साईं मंदिर हेतु पुजारी, ड्राइवर, चौकीदार, रसोइया, सफाई कर्मचारी चाहिए। नशा करने वाले संपर्क नहीं करें। साईं सरोवर 6267041319. (आरो नं.-230)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### बिलिंग क्लर्क

आवश्यकता है- सी.एस.डी कैंटीन, नया रायपुर हेतु बिलिंग क्लर्क /बिलिंग चेक /एमटीएस के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। वेतन 15,000/- प्रति माह निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक 10 मार्च 2026 तक ईमेल आईडी- sdpithoragarh350@gmail.com पर भेजे। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर 7051008675 पर संपर्क करें।(आरो-541)

### गोडाऊन इंचार्ज

आवश्यकता है- कुक्कुट आहार एवं दवाई की गोडाउन में काम करने हेतु युवक / युवतियों एवं गोडाउन इंचार्ज की आवश्यकता है। संपर्क करें- मोबाइल, 9301650004, 9302240005.(आरो-A)

### कुक

आवश्यकता है- रायपुर के पॉश क्षेत्र सिविल लाइन्स में स्थित प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार (शुद्ध शाकाहारी) के लिए कुशल, अनुभवी एवं विश्वसनीय रसोईया की आवश्यकता है। अनुभव– कम से कम 5 वर्ष शुद्ध शाकाहारी व्यंजन बनाने में दक्षता साफ-सुथरा, जिम्मेदार और अनुशासित स्वभाव वेतनः 25,000 प्रतिमाह (अनुभवनुसार) रहने और खाने की निःशुल्क व्यवस्था संपर्क करें:- 9109125252, 9109972720. (RO-545)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राइवर, पैकिंग के लिए महिलाओं की, माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है संपर्क करे:- बोरियाखुर्द रायपुर Mob. 9893115061.(आरो-547)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### घरेलू कार्य

आवश्यकता है- रायपुर स्थित एक प्रतिष्ठित अग्रवाल फैमिली हेतु 12 घंटे* कार्य हेतु अनुभवी, विश्वसनीय एवं जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभवः 5 वर्ष योग्यताः न्यूनतम 10वीं पास वेतनः योग्यतानुसार रहने और खाने की व्यवस्था निःशुल्क सिविल लाइन्स रायपुर संपर्क:- 9109125252, 9109972720. (RO-546)

### सुपरवाइजर

आवश्यकता है- भनपुरी स्थित पैकेजिंग फैक्टरी में कार्य हेतु प्लांट सुपरवाइजर की आवश्यकता है। संपर्क- 7400700030 (आरो 0353)

### कम्प्यूटर कर्मी

आवश्यकता है- मेडिकल होलसेल डिपो में बिलिंग कार्य हेतु (1) अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर की तथा (2) फुल टाइम कार्य हेतु अनुभवी अकाउंटेंट की आवश्यकता है। मणिधारी ट्रेडर्स औषधि वाटिका, डूमरतराई 9669164000, 9165929000 (RO-821)

### सुरक्षागार्ड

आवश्यकता है- तेलीबांधा, कटोरातालाब, मोतीबाग, टाटीबंध, चंदनडीह, हेतु सुरक्षा गार्ड, सफाईकर्मचारी पुरूष एंव महिला की अति शीघ्र आवश्यकता है,जरूरतमंद ही कॉल करें। संपर्क मोबाइल नबंर 9981144486.(RO-6687)

### ऑफिस कार्य

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क, 9981121036, 8269109014.(आरो-326)

हरिभूमि क्लासीफाईड

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

प्लॉट बेचना है - अमलेश्वर (कृष्णा नगर 2250 वर्ग रेट 1100 प्रति वर्ग फुट) (कार्नर) प्लांट एवं भाटागांव भारीखार में 600 वर्ग फुट रेट 1400 प्रति वर्ग फुट डायवर्सन प्लॉट बेचना है। संपर्क पुरुषोत्तम यदु 8823780696 पोषण यदु 9754685471 महामाई परा रायपुर.(आरो-6686)

### मकान

मकान बेचना है- दुर्ग शहर के टॉप लोकेशन न्यू आदर्श नगर, मीनाक्षी नगर, वृंदावन नगर में 2BHK, 3BHK, 4BHK मकान उपलब्ध एवं बोरसी में 700/-से 2200/- रुपए फिट तक के प्लाट उपलब्ध फाइनेंस सुविधा के साथ संपर्क - 7888098366. (आरो 10376)

## Services सर्विसेस

सर्विस -अगर आप मेडिकल फ्रेंचाइजी (दुकान) लेना चाहते हैं या मेडिकल में इन्वेस्ट करना चाहते हैं, तो हाउसवाइफ, एंटरप्रेन्योर, स्टूडेंट, नौकरीपेशा, रिटायर्ड लोग इसमें हिस्सा ले सकते हैं। छत्तीसगढ़ के सभी गाँव, तहसील, व जिलों में फ्रेंचाइजी देना शुरु है। सम्पर्क करें- 8010400205, 7499791047, 7020307855, 8806547252.(आरो-222)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस - विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) संपर्क:- 7587708423.(आरो-542)

हरिभूमि क्लासीफाईड








## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## जैकेट के शेष

### बजट आज पेश होगा, आकार ...

में कहा है कि इस साल का बजट इस प्रकार बनाया जा रहा है कि सामाजिक एवं आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकें।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व प्राप्तियों में पिछले वर्ष की तुलना में 16.34 प्रतिशत एवं कुल कर राजस्व में 15.30 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। इस वर्ष कुल राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का योगदान 73.76 प्रतिशत रहने का अनुमान है तथा गैर कर राजस्व में प्रमुख योगदान कर भिन्न राजस्व का है, जो कुल गैर कर राजस्व प्राप्तियों का 59.46 प्रतिशत है। वर्ष 2025-26 में कुल राजस्व प्राप्ति रुपए 141000.00 करोड़ तथा राजस्व व्यय रुपए 138196.00 करोड़ अनुमानित है, जिसके परिणामस्वरूप 2804.00 करोड़ का राजस्व आधिक्य दर्शाता है।

### जीएसटी पर जनता की ...

का राजस्व प्राप्त हुआ है जो 18 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ देश में सर्वाधिक रहा है। जीएसटी लागू होने के आठ वर्षों में टैक्स बेस में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है और पंजीकृत करदाताओं की संख्या 60 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है जो जीएसटी के प्रति जनता की बढ़ती स्वीकृति को दर्शाता है।

### आर्थिक सर्वेक्षण में फीलगुड...

का दावा है कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों और रोजगार सृजन के प्रयासों से आम नागरिक की आय में वृद्धि हुई है। कृषि, उद्योग और सेवा सेक्टर में तेज रफ्तारः आर्थिक सर्वेक्षण में तीनों प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि का अनुमान जताया गया है। कृषि क्षेत्र- 2025-26 में 12.53 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। उद्योग क्षेत्र- 10.26 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। सेवा क्षेत्र-13.15 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। स्थिर भावों पर कुल वृद्धि दर- 8.11 प्रतिशत का अनुमान है।

**राजकोषीय संतुलन पर फोकस** : आर्थिक सर्वेक्षण को आगामी बजट का आधार माना जा रहा है। वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए आंकड़े यह संकेत देते हैं कि सरकार विकास और राजकोषीय संतुलन दोनों पर फोकस कर रही है। अब 24 फरवरी को पेश होने वाले बजट पर राजनीतिक दलों और आम जनता की नजरें टिकी हैं, जहां इन अनुमानों को धरातल पर उतारने की रणनीति सामने आएगी। 2024-25 के आंकड़ेः कृषि में 11.76 प्रतिशत, उद्योग में 9.91 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र में 10.08 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई थी।

### हर परिवार सशक्त छत्तीसगढ़ का...

का परिणाम है। समृद्ध किसान ही विकसित छत्तीसगढ़ की नींव है। सीएम ने कहा, हमारा लक्ष्य है बढ़ती आय, बेहतर अवसर और समृद्ध जीवन के साथ हर परिवार सशक्त छत्तीसगढ़ का हिस्सा बने।

### विधायक लखमा पहुंचे ...

के साथ मुलाकात की। सदन में प्रवेश करते ही उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं अजय चंद्राकर, रामविचार नेताम और धर्मजीत सिंह को गले लगाया। अजय चंद्राकर ने भी गर्मजोशी दिखाते हुए लखमा की पीठ थपथपाई। सदन के भीतर पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच की यह आत्मीयता देख कांग्रेस के अन्य विधायक भी हैरान रह गए।

**देखने को मिला अलग सा माहौलः** लखमा की एक साल बाद वापसी पर सदन में अलग ही माहौल देखने को मिला। कवासी लखमा की यह वापसी जितनी चर्चा में है, उतनी ही कड़ी शर्तों के दायरे में भी है। सर्वोच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिलने के बाद विधानसभा ने उन्हें कुछ विशेष नियमों के तहत सत्र में बैठने की इजाजत दी है। इसमें सबसे अहम शर्त नो स्पीच की है। लखमा अपने ऊपर चल रहे विचाराधीन मामले या केस से जुड़े किसी भी मुद्दे पर सदन के भीतर न तो कोई टिप्पणी करेंगे और न ही कोई बयान देंगे। साथ ही लखमा केवल विधानसभा सत्र और परिसर तक ही सीमित रहेंगे।

### बलरामपुर में ओलावृष्टि...

आमतौर पर ठंड की विदाई वाले मौसम यानी फरवरी में मौसमी बदलाव होने की संभावना काफी रहती है। इस बार ऐसा बदलाव दूसरी बार हुआ है। माह के दूसरे सप्ताह में मौसम तंत्रिका के सक्रिय होने की वजह से कोरिया जिले में बारिश हुई थी और कुछ इलाकों में दिन में बादल छाए हुए थे। इसके बाद चौथे सप्ताह में इस तरह का बदलाव देखने को मिला है। वर्तमान में बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में एक निम्नदाब का क्षेत्र बना हुआ है। इसके अलावा वहां ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा में सक्रिय है। इसके असर से सोमवार की सुबह सरगुजा, बिलासपुर और रायपुर संभाग के मौसम में बदलाव नजर आया। बादल छाए रहने के साथ हवा की गति तेज होने से तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। दोपहर होने के बाद रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी, बलौदाबाजार के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई।

**रात के मौसम में ज्यादा असर नहींः** बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम के प्रभाव से भले ही दिन के मौसम में बदलाव हुआ हो, मगर रात पर इसका ज्यादा असर होने की उम्मीद नहीं है। अभी राज्य के ज्यादातर शहरों में रात का पारा सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा सरगुजा को छोड़कर अन्य इलाकों में ठंड खत्म सा हो गया है। मौसमी बदलाव से गर्माहट का प्रभाव थोड़ा और बढ़ने की संभावना है।

चौबीस घंटे में दिन के तापमान का अंतर

| शहर | रविवार | सोमवार |
|---|---|---|
| रायपुर | 34.8 | 27.7 |
| बिलासपुर | 33.4 | 30.0 |
| पेंड्रा | 32.1 | 30.1 |
| अंबिकापुर | 30.2 | 30.8 |
| जगदलपुर | 34.6 | 32.7 |
| दुर्ग | 34.2 | 31.6 |

### एयर एंबुलेंस क्रैश, मरीज समेत ...

कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना रांची हवाई अड्डे से एयर एंबुलेंस के शाम करीब सात बजकर 10 मिनट पर उड़ान भरने के बाद हुई। रांची से सात लोगों को लेकर जा रही एक एयर एंबुलेंस चतरा जिले के सिमरिया के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना की सूचना राज्य प्रशासन से प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस का हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से संपर्क टूट गया था। इस बीच, डीजीसीए ने एक बयान में कहा, तेईस फरवरी 2026 को रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड का बीचक्राफ्ट सी90 विमान वीटी-एजेवी, रांची-दिल्ली मार्ग पर चिकित्सा निकासी (एयर एम्बुलेंस) उड़ान पर था, (लेकिन) यह झारखंड के चतरा जिले की कसरिया पंचायत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में चालक दल के दो सदस्यों सहित सात लोग सवार थे। बयान में कहा गया, विमान ने भारतीय समयानुसार 19:11 बजे रांची से उड़ान भरी। कोलकाता से संपर्क स्थापित होने के बाद, भारतीय समयानुसार 19:34 बजे, विमान का वाराणसी से लगभग 100 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व स्थित कोलकाता से संचार और रडार संपर्क टूट गया। बयान में कहा गया है कि जिला प्रशासन की खोज एवं बचाव टीम घटनास्थल पर मौजूद है और वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की एक टीम को जांच के लिए भेजा जा रहा है।

इस महीने की शुरुआत में हुए तेजस विमान हादसे को लेकर बोले रक्षा सूत्र

# तेजस दुर्घटनाग्रस्त नहीं हुआ, रनवे पर ग्राउंड में आई तकनीकी खराबी, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



एक ऐसे दौर में जब पाकिस्तान और चीन की सीमाओं से भारत के लिए लगातार युद्ध की चुनौती बनी हुई है। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों का जंगी बेड़ा संख्याबल के हिसाब से आकार में तेजी से सिकुड़ रहा है। तब अचानक बीते रविवार रात मीडिया के एक घड़े में ये खबर आती है कि देश का पहला हल्का स्वदेशी लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस वायुसेना के किसी अग्रिम ठिकाने पर अपनी उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। मामले बेहद गंभीर था, सोमवार सुबह होने के बाद शेयर बाजार से खबर फैली कि विमान की वास्तविक निर्माता कंपनी, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के शेयरों में गिरावट आने लगी है। फिर क्या था, कंपनी तुरंत हरकत में आई और उसने एक आधिकारिक बयान जारी कर मीडिया में सख्त अंदाज में ये साफ कर दिया कि तेजस लड़ाकू विमान की दुर्घटना को लेकर मीडिया में सामने आ रही सभी खबरें गलत हैं। वहीं, एचएएल की तर्ज पर रक्षा सूत्र भी सामने आए और उन्होंने भी टूक अंदाज में मीडिया में चल रही खबरों पर संज्ञान लेते हुए तेजस विमान की किसी दुर्घटना के तथ्य को सिरे से खारिज कर दिया है। दोनों ने एक स्वर में कहा, यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि वायुसेना के किसी अग्रिम ठिकाने पर ग्राउंड में तेजस विमान में आई एक छोटी से तकनीकी खामी थी।

■ एक आधिकारिक बयान के जरिए एचएएल ने भी किया विमान हादसे की खबरों का पुरजोर अंदाज में खंडन

### सभी तेजस विमानों की होगी जांच : सूत्र

रक्षा सूत्रों ने बताया कि तेजस लड़ाकू विमान देश में कहीं पर भी दुर्घटना का शिकार नहीं हुआ है। ये पूरा मामला वायुसेना के किसी एक एयरबेस पर तैनात तेजस विमान में ग्राउंड पर आई तकनीकी खामी से जुड़ा हुआ है। जिसकी जांच यानी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) का गठन वायुसेना की तरफ से कर दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर वायुसेना और एचएएल संयुक्त रूप से बल के बेड़े में वर्तमान में तैनात तेजस विमानों की 2 स्क्वाड्रन यानी कुल करीब 34 विमानों की तकनीकी और मरम्मत (टेक्निकल एंड मेंटेनेंस चेक) संबंधी गहन जांच कर रहे हैं। इसके खत्म होने के बाद ही विमानों को वायुसेना में फिर से अपनी सामान्य या रणनीतिक उड़ान भरने की मंजूरी प्रदान की जाएगी। इसके बाद ही यह खुलासा हो पाएगा कि इस पूरी घटना के पीछे की असल वजह क्या थी?

### एचएएल का पक्ष

एचएएल ने कहा कि कंपनी ने मीडिया में मामले को लेकर आई खबरों पर संज्ञान लेते हुए ये स्पष्टीकरण जारी किया है। जिसमें हम ये साफ कर दें कि अब तक तेजस विमान की कोई आधिकारिक दुर्घटना नहीं हुई है। संबंधित मामला ग्राउंड पर सामने आई एक मामूली तकनीकी घटना से जुड़ा हुआ है। स्थापित मानक प्रक्रिया (एसओपी) के मुताबिक, एचएएल-भारतीय वायुसेना के साथ मिलकर बेहद निकटता से जल्द समाधान के लिए कार्य कर रही है।

### आज पता चलेगी वायुशक्ति में तेजस की भागीदारी?

सूत्रों ने ये भी कहा कि क्योंकि आगामी 26 फरवरी को राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तान से लगी सीमा के करीब वायुसेना का एक बेहद आक्रामक और प्रचंड युद्धाभ्यास वायुशक्ति-2026 होने जा रहा है। जिसमें पूर्व में कुछ तेजस विमानों को भी उड़ान भरकर अपनी युद्धक क्षमता का प्रदर्शन करना था। लेकिन अब उक्त मामले को लेकर तस्वीर पूरी तरह से साफ होने के बाद ही वायुसेना द्वारा ये तय किया जाएगा कि तेजस विमान वायुशक्ति में भाग लेंगे या नहीं। संभवतः इस बाबत निर्णय मंगलवार तक हो सकता है। इस बार युद्धाभ्यास में कुल 128 विमान शामिल होंगे। जिसमें 77 लड़ाकू विमान हैं।

## पेज एक के शेष

### आतंकवाद के खिलाफ होगा...

का नाम लिये बिना कहा गया, भारत के निकटवर्ती इलाकों में अस्थिरता का इतिहास रहा है, जिसके कारण अक्सर अराजक क्षेत्र उत्पन्न हुए हैं। इसके अलावा, इस क्षेत्र के कुछ देशों ने कभी-कभी आतंकवाद को राज्य नीति के एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया है। इसमें कहा गया, ''इसके बावजूद, भारत आतंकवाद को किसी विशिष्ट धर्म, जातीयता, राष्ट्रीयता या सभ्यता से नहीं जोड़ता है। भारत ने हमेशा आतंकवाद और किसी भी तत्व द्वारा किसी भी घोषित या अघोषित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए इसके उपयोग की स्पष्ट और निर्विवाद रूप से निंदा की है। नीति दस्तावेज में कहा गया है कि भारत आतंकवाद के पीड़ितों के साथ लगातार खड़ा रहा है और इस पर अडिग है कि दुनिया में हिंसा का कोई औचित्य नहीं हो सकता।

### स्कूटी से गिरी लड़की को ...

पुलिस ने बाहर निकाला और पोस्टमार्टम करने मरचुरी रवाना किया। आरोपी ट्रक चालक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मंदिर हसौद निवासी सोनू पाटिल (16) घटना स्थल के समीप एक कार वाशिंग सेंटर में काम करता था। सुबह वह अपने मालिक के कहने पर किसी काम से स्कूटर लेकर गया था। वापसी के दौरान उसने देखा, उसके सामने स्कूटी से जा रही युवती बारिश की वजह से स्लिप होकर गिर गई। पास से गुजर रहा सोनू युवती को उठाने के लिए पहुंचा। युवती को उठाने के बाद उसने उसकी गाड़ी खड़ी कर हाल-चाल जाना। युवती जैसे ही निकली। पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक के चालक ने उसे बचाने ब्रेक दबाया, लेकिन वह सोनू को नहीं बचा पाया। सोनू को चपेट में लेने के बाद ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया।

### हादसे की गवाह बनी...

देखा है। अपने बेटे को ट्रक की चपेट में आते देख जोर से चिल्लाई। घटना के बाद सोनू की बड़ी मां रोते-रोते बेसुध हो गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह सोनू की बड़ी मां को घटना स्थल से अलग ले जाकर संभालने की कोशिश की।

### 15 माओवादी 3 मार्च को...

काम कर रही है और जल्द ही वीडियो संदेश जारी करेंगे। इस पत्र के बाद गृहमंत्री ने रेडिया संदेश जारी कर उनके सुरक्षा व पुनर्वास के लिए मैसेज दिया। जारी पत्र में विकास ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ वर्तमान में ओडिशा में है और मिले आश्वासन के बाद 3 मार्च की तिथि समर्पण के लिए तय की है। समर्पण करने वाले बरगढ़ बलांगीर महासमुंद डिवीजन के डीवीसी, एसी व पीएम कैडर के नक्सली शामिल है। छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय सीपीआई (माओवादी) बलांगीर-बरगढ़-महासमुंद (बीबीएम) डिवीजन व ओडिशा राज्य कमेटी के 15 नक्सलियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करने का ऐलान किया है। पश्चिम सब जोनल ब्यूरो सचिव विकास ने गृह मंत्री विजय शर्मा को पत्र भेजकर कहा है कि सभी सदस्य मुख्यधारा में जुड़ने के लिए तैयार हैं और सरकार से रेडियो संदेश के माध्यम से सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं। गृह मंत्री विजय शर्मा ने उनकी मांग पर उन्हें आश्वस्त करते हुए वीडियो संदेश जारी कर दिया है। समर्पण करने वाले नक्सलियों में 14 सदस्य छग के बस्तर के हैं तथा एक सदस्य तेलंगाना का है। पूरा समूह ओडिशा से निकलकर छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रहा है। महासमुंद जिले में आत्मसमर्पण की योजना बनाई गई है।

**विकास ने जताई आशंका** : विकास ने आत्मसमर्पण करने वालों को घर न भेजे जाने, बैरकों में रखे जाने और पुराने मामलों में फिर से फंसाए जाने की आशंकाएं भी जताई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया में आत्मसमर्पण की खबर आने के बावजूद सुरक्षा बलों द्वारा कंबिंग आपरेशन जारी रखने से कैडर में डर और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। विकास ने बताया कि उनकी पूरी टीम अभी ओडिशा में है और चरणबद्ध तरीके से छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ रही है। बीमारी से ग्रस्त कुछ साथियों के कारण देरी हो रही है लेकिन 1 मार्च तक सभी एक स्थान पर एकत्रित हो जाएंगे। उन्होंने ओडिशा पुलिस द्वारा बलांगीर, बरगढ़ और महसमुंद इलाके में कॉबिंग रोकने की मांग भी की ताकि कैडर सुरक्षित बाहर आ सके। विकास ने कहा कि उनकी मांग पूरी होने पर सरकार द्वारा तय लक्ष्य 31 मार्च से 28 दिन पहले ही वे आत्मसमर्पण कर देंगे।

### सशस्त्र संघर्ष...

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आत्मसमर्पण में कुछ दिनों की देरी इसलिए हुई क्योंकि वे केंद्रीय समिति के निर्णय का इंतजार कर रहे थे। लेकिन जब वहां से कोई ठोस दिशा नहीं मिली, तब बीबीएम डिवीजन ने स्वतंत्र निर्णय लिया।

### 590 करोड़ का घोटाला...

यह घोटाला राशि बैंक के तीसरी तिमाही के शुद्ध मुनाफे 503 करोड़ रुपए से भी ज्यादा है। यूबीएस का अनुमान है कि यह रकम आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के वित्त वर्ष 2026 के टैक्स के बाद के मुनाफे का लगभग 22फीसदी हो सकती है। हालांकि यूबीएस ने यह भी कहा कि बैंक की नेटवर्थ पर इसका असर करीब 1फीसदी ही रहेगा। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 के टैक्स से पहले के मुनाफे पर इसका असर लगभग 20फीसदी तक हो सकता है। जेफरीज का कहना है कि बैंक को अपने ऑपरेशनल कंट्रोल को मजबूत करना होगा और यह साफ करना होगा कि यह समस्या किसी और ग्राहक तक नहीं फैली है।

### गिरफ्तारी का नहीं करूंगा ...

उन्हें क्लीन चिट मिल चुकी है इसलिए उन्हें कोई भय नहीं है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरनंद सरस्वती, उनके शिष्य तथा दो-तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ अदालत के आदेश पर शनिवार देर रात किशोरवय लड़कों के यौन शोषण के आरोप में प्रयागराज के झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। शंकराचार्य ने वाराणसी में संवाददाताओं से कहा कि अगर पुलिस उन्हें इस मुकदमे के सिलसिले में गिरफ्तार करती है तो वह इसका विरोध नहीं करेंगे।

## महाराष्ट्र, झारखंड और राजस्थान जाएंगी राष्ट्रपति, कई कार्यक्रमों में लेंगी भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 से 27 फरवरी तक महाराष्ट्र, झारखंड और राजस्थान के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे स्वास्थ्य, शिक्षा, आध्यात्मिक एवं रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति 24 फरवरी को मुंबई में 'सेविंग लाइव्स एंड बिल्डिंग ए हेल्दीयर भारत' अभियान का उद्घाटन करेंगी। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। 25 फरवरी को राष्ट्रपति महाराष्ट्र के बुलढाना जिले के शेगांव में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेले में शामिल होंगी। इसके बाद वे नागपुर में 'गोल्डन एरा ऑफ महाराष्ट्र थ्रू यूनिटी एंड ट्रस्ट' कार्यक्रम में भाग लेंगी। इस आयोजन में सामाजिक एकता और विश्वास पर जोर दिया जाएगा। 26 फरवरी को राष्ट्रपति झारखंड के जमशेदपुर पहुंचेंगी, जहां वे श्री जगन्नाथ मंदिर के भूमि पूजन समारोह में हिस्सा लेंगी। साथ ही वे मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज का दौरा कर विद्यार्थियों से संवाद भी करेंगी।

आरोप : धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव

## छत्तीसगढ़ की युवती से नशीला पदार्थ खिलाकर किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

बागसेवनिया पुलिस ने छत्तीसगढ़ और भोपाल में रहने वाली युवतियों की शिकायत पर महिला सहित चार लोगों पर दुष्कर्म और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। युवतियों का आरोप है कि बागसेवनिया इलाके में रहने वाली ब्यूटिशियन अमरीन ने उन्हें अपने साथ रखा था और नशीला पदार्थ पिलाकर शारीरिक संबंध बनवाए। पुलिस ने उक्त मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अमरीन इन दिनों अहमदाबाद में है, उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम भेजी गई है। पुलिस के अनुसार 26 साल की युवती मूलतः छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। वह शाहपुरा में रहती थी और न्यू मार्केट में कपड़े की दुकान में काम करती थी। 8 जून 2024 को अपने दोस्त के बर्थ-डे पार्टी में गई थी। वहां उसकी पहचान दोस्त के घर आई (जन्नत) से हो गई। पीड़िता ने जन्नत से कहा कि मैं कपड़े की दुकान पर काम छोड़ना चाहती हूं और कहीं और काम करूंगी। इसके बाद वह ब्यूटी पार्लर में काम करने लगी। इसी बीच जन्नत ने कहा कि मेरी एक दीदी है। उनके घर चलकर रहो और वह मिसरोद एक मॉल में काम दिला देंगी। वह जन्नत के कहने पर अमरीन के घर चली गई। वहां जन्नत के अलावा एक अन्य युवती रहती थी। वहां रहने पर पता चला कि जन्नत पूर्व में हिंदू थी और उसने अपना धर्म परिवर्तन कर लिया।

■ महिला ने अपने घर रखा और अहमदाबाद ले जाकर बनवाए शारीरिक संबंध

### पीड़िता ने लगाए आरोप

पीड़िता का कहना है कि अमरीन उसे अब्बास नगर लेकर पहुंची थी, वहां उसने अपने भाई बिलाल से जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं अमरीन उसे अपने साथ अहमदाबाद लेकर पहुंची थी। वहां याशिर नामक युवक से जबरन शारीरिक संबंध बनवाए। इसी तरह की एक शिकायत अमरीन और उसके भाई सहित चार लोगों पर युवती ने दर्ज कराई।

## बिड़ला ने 60 से अधिक देशों के साथ किया संसदीय मैत्री समूहों का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दुनिया के देशों के साथ भारत के संसदीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का गठन किया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सांसदों को अपने विदेशी समकक्षों से सीधे बात करने का अवसर देना है। वे अपने अनुभव साझा करेंगे, एक-दूसरे से सीख सकेंगे और नियमित संपर्क के जरिए आपसी विश्वास बढ़ाएंगे। इससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी और आपसी समझ बेहतर होगी। इन समूहों के माध्यम से व्यापार, तकनीक, सामाजिक नीतियों, संस्कृति और आज की वैश्विक चुनौतियों जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। इन मैत्री समूहों में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं। वरिष्ठ नेताओं में रवि शंकर प्रसाद, डॉ. एम. थंबीदुरई, श्री पी. चिदंबरम, प्रो. राम गोपाल यादव, टी.आर. बालू सहित कई अन्य नेता शामिल हैं।

## राशिफल


**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।


**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।


**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।


**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।


**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।


**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।


**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।


**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।


**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## 40 लाख परिवारों को मुफ्त तेल, चीनी, दाल

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को 'मेरी रसोई' योजना शुरु करने की घोषणा की। राज्य सरकार, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत रजिस्टर्ड 40 लाख परिवारों को जरूरी खाद्य सामग्री उपलब्ध कराएगी। सरकार की आटा-दाल योजना के लाभार्थियों को चाय पत्ती, चीनी, सरसों का तेल, हल्दी और नमक मुफ्त मिलेंगे। पंजाब में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह फैसला सोमवार को कैबिनेट बैठक में लिया गया। मान ने चंडीगढ़ में मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि इस पहल का उद्देश्य गरीब परिवारों के बच्चों का पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पहले से ही इन लाभार्थियों को रियायती दरों पर गेहूं उपलब्ध करा रही है और वह राज्य के प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**पूर्व तट रेलवे**
निविदा सूचना सं. WAT-TRS-OT-21-2025-26
कार्यस्थल के साथ कार्य का नाम : इलेक्ट्रिक लोको शेड (ELS) / विशाखापट्टनम में 3 (तीन) फेज लोकोमोटिव में E-70 ब्रेक सिस्टम के इलक्ट्रॉनिक कार्ड का पुनर्वास / उन्नयन।
निविदा मूल्य (₹): 2,08,30,607.46, EMD (₹): 2,54,200.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 3 (तीन) वर्ष।
निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक : 16.03.2026 को 1500 बजे।
इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRS)/ विशाखापट्टनम
PR-1157/Q/25-26

**पूर्व तट रेलवे**
सूचना सं. WDS/29/PU Painting/2025-27
कार्य का नाम : डीजल लोको शेड, विशाखापट्टनम में 2 वर्ष की अवधि के लिए डीजल HHP/इलेक्ट्रिक इंजनों की PU (पॉलीयूरेथेन/ POLYURETHANE) पेंटिंग।
कार्य की अनुमानित लागत (₹): 1,13,73,517.74, EMD: ₹ 2,06,900.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 24 महीने (02 वर्ष)।
निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक - 24.03.2026 को 1500 बजे
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।
वरिष्ठ डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर (डीजल), विशाखापट्टनम
PR-1156/Q/25-26

**:: नाम परिवर्तन ::**
मैं, वी. लावन्या राव, उम्र 24 वर्ष, पिता श्री केसाराम चिदानंदम, निवासी-फिंगेश्वर रोड, खाम तालाब के सामने, वार्ड नं. 15, राजिम, जिला गरियाबंद छ.ग.
मैं सूरज कुमार यादव पिता श्री संतोष यादव, निवासी- फिंगेश्वर रोड, खाम तालाब के सामने, वार्ड नं. 15, राजिम, जिला गरियाबंद छ.ग. के साथ विगत 06 वर्षों से लिवइन रिलेशनशीप में रह रही थी, जिसके चलते मैंने अपने आधार कार्ड में अपना नाम लावन्या यादव पति श्री सूरज कुमार यादव दर्ज कराया है।
वर्तमान में हम दोनों एक दूसरे से अपनी अपनी स्वेच्छा पृथक पृथक निवासरत है एवं हम दोनों के मध्य किसी भी प्रकार से कोई संबंध नहीं है।
मैं अपना पूर्व नाम लावन्या यादव पति श्री सूरज कुमार यादव को परिवर्तन कर वर्तमान में अपना नाम वी लावन्या राव पिता श्री केसाराम चिदानंदम रख ली हूँ तथा यही नाम मैं अपने समस्त शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजों में अंकित व उल्लेखित करवाना चाहती हूँ।
मेरे आधार कार्ड में उल्लेखित नाम लावन्या यादव पति श्री सूरज कुमार यादव को विलोपित कर वर्तमान वी. लावन्या राव, 24 वर्ष, पिता श्री केसाराम चिदानंदम दर्ज किये जाने हेतु संबंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।
**नाम- वी. लावन्या राव, पिता श्री केसाराम चिदानंदम, निवासी-फिंगेश्वर रोड, खाम तालाब के सामने, वार्ड नं. 15, राजिम, जिला गरियाबंद छ.ग.**
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 23 FEB 2026

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
क्रमांक / /अ-6/वर्ष 2025-26
ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. 42. तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 23/02/2026
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि. आवेदक प्राचार्य मायाराम सुरजन शासकीय क.उ.मा.वि. चौबे कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि उनके द्वारा ग्राम-चिरहुलडीह, प.ह.नं. 52, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 387/1, 735/1 एवं 736/1, रकबा 111187 वर्गफुट भूमि को को-ऑपरेटिव हाउसिंग बोर्ड सोसायटी चौबे कालोनी, राजेन्द्र नगर रायपुर के पत्र दिनांक 03/01/1984 में उल्लेखित विवरणानुसार तथा स्टामपेपर में उल्लेखित दानपत्र दिनांक 15/03/1967 में उल्लेखित विवरणानुसार विद्यालय को दान स्वरूप प्राप्त हुआ। उक्त खसरा नं. 387/1, 735/1 एवं 736/1 का सीमांकन करवाया जा चुका है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शासकीय भू-अभिलेख पोर्टल में उक्त खसरा नं. के भूमिस्वामी के रूप में को-ऑपरेटिव हाउसिंग बोर्ड सोसायटी चौबे कालोनी, राजेन्द्र नगर रायपुर का नाम दर्ज दिखा रहा है। उक्त खसरा 387/1, 735/1 एवं 736/1 में भू-स्वामी के रूप में मायाराम सुरजन शासकीय कन्या उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय चौबे कालोनी रायपुर के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।
अतः आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 10/03/2026 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छत्तीसगढ़)

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में सिग्नलिंग एसेट्स की विश्वसनीयता सुधार के लिए ई-निविदा सूचना**
वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक**: ST-EI-OFC-IPS-UFSBI-26 दिनांक: 14.02.2026
**कार्य का नाम**: नागपुर मंडल में EI OFC कनेक्टिविटी के जरिए पुरानी IPS और बैटरियों को मजबूत करने, बदलने और स्वचालित चेंज-ओवर सिस्टम के साथ UFSBI में वृद्धि द्वारा सिग्नलिंग एसेट्स की विश्वसनीयता में सुधार।
**निविदा मूल्य:** ₹ 7,28,98,125/-,
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 5,14,500/-,
**समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने।
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल/ संशोधित बोलियां दिनांक **09.03.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
**मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
AIM/72-319
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## शब्द पहेली - 6148




**बाएँ से दाए-**
1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली -6147 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | नु | भ | व | | शा | का | हा | र | |
| अ | | का | | ल | | मि | | नि | | अ |
| ह | म | | का | या | प | ल | ट | | का | का |
| म | | रा | | का | | हो | | श | | र |
| क | हा | नी | का | र | | ना | म | क | र | ण |
| | द | | | | | | | | सो | |
| अ | सा | म | यि | क | | आ | ज | मा | ई | श |
| चा | | स्त | | म | | रा | | न | | रा |
| न | ल | | नी | ल | क | म | ल | | खौ | फ |
| क | | भ | | ना | | दे | | क | | त |
| | को | ला | ह | ल | | ह | र | जा | ई | |

### सूडोकु नवताल- 6158

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6157 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## खबर संक्षेप

### आरबीआई ने ओडिशा में बनाया उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की महत्वपूर्ण वित्तीय बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और मुख्य प्रणालियों की निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से ओडिशा में एक उच्च सुरक्षा वाला डेटा सेंटर बनाया है। यह केंद्र संभावित सीमापार खतरों और भूकंप जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रणनीतिक रूप से स्थित है।

### महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही होगी वापस

MAHAGUN
A NAME THAT PERFORMS

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी महागुन के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को वापस लेने का निर्देश दिया है। यह निर्देश कंपनी और उसके वित्तीय ऋणदाता के बीच समझौता होने के बाद आया है। महागुन और आईडीबीआई ट्रस्टीशिप के बीच 12 फरवरी, 2026 को हुए समझौते को रिकॉर्ड पर लिया।

### रुपया सात पैसे बढ़कर 90.87 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे बढ़कर 90.87 (अस्थायी) पर बंद हुआ। नई अनिश्चितताओं के बीच कमजोर डॉलर की वजह से रुपये में तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की निकासी और भू-राजनीतिक चिंताओं ने रुपये की तेजी को सीमित कर दिया।

### यस बैंक को संपत्ति पर प्रतिफल एक फीसदी होने की उम्मीद




**नई दिल्ली।** सुधार के रास्ते पर अग्रसर निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक को 2025-26 के अंत तक अपनी संपत्ति पर प्रतिफल एक प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। बैंक के सीएफओ निरंजन बनोडकर ने यह जानकारी दी। आरओए लाभप्रदता का एक पैमाना है, जो यह मापता है कि कोई बैंक मुनाफा कमाने के लिए अपनी संपत्ति का कितनी कुशलता से उपयोग कर रहा है।

### तेल-गैस क्षेत्र में बोली लगाने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई



**नई दिल्ली।** सरकार ने विशेष कोल-बेड मीथेन और खोजे गए छोटे क्षेत्रों के लिए बोली लगाने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। सरकार के इस फैसले से निवेशकों को तेल और गैस नियमों में हाल के बदलावों पर विचार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। संभावित गैस के लिए प्रस्तावित 13 ब्लॉक या क्षेत्रों की बोलियां अब तीन मार्च को बंद होंगी।

### तूतीकोरिन के वीओसी पर परियोजना की शुरूआत



**तूतीकोरिन (तमिलनाडु)।** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को तूतीकोरिन के वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह पर 1,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को पेश किया। इनका मकसद बंदरगाह बुनियादी ढांचे का उन्नयन करना, स्वच्छ परियोजनायें लगाना और नए ज़माने की प्रौद्योगिकी को अपनाना है। इन निवेश से तूतीकोरिन के वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट (वीओसी बंदरगाह) को तमिलनाडु का एक बड़ा 'ट्रांसशिपमेंट हब' बनने में मदद मिलेगी, जिससे समुद्री रास्तों से क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय संपर्क बढ़ेगा।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर की जगह नहीं लेगी एआई, बढ़ाएगा कौशल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- माइक्रोसाफ्ट का उद्देश्य लोगों को और कुशल बनाना

माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) सॉफ्टवेयर इंजीनियर या सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पेशेवरों की जगह नहीं लेगी, बल्कि उनके कौशल और रचनात्मकता को बढ़ाएगी। उन्होंने यह बात प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नौकरी छूटने की बढ़ती आशंकाओं पर कही।

स्मिथ ने बातचीत में बताया कि माइक्रोसॉफ्ट का लक्ष्य ऐसी प्रौद्योगिकी विकसित करना है जो लोगों को और अधिक कुशल बनाए। उन्होंने कहा कि एआई दोहराए जाने वाले कोडिंग काम संभाल सकता है, जिससे डेवलपर उत्पाद डिजाइन, सिस्टम आर्किटेक्चर, टेस्टिंग और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इससे सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग का पेशा और रोचक और चुनौतीपूर्ण बनेगा।

**माइक्रोसाफ्ट के अध्यक्ष ने नौकरी छूटने की बढ़ती आशंका पर कहा**

### एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा

ब्रैड स्मिथ ने कहा कि एआई नौकरियों में कमी नहीं लाएगा, बल्कि पेशेवरों के काम को रचनात्मक एवं बेहतर बनाएगा। इससे कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और उनके वेतन में सुधार होगा। उन्होंने उन प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के दिग्गजों के प्रति नाराजगी जताई, जो केवल इंसानों से स्मार्ट मशीनें बनाने पर ध्यान देते हैं।

### हमारा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना

स्मिथ ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट का मुख्य उद्देश्य ऐसी मशीनें बनाना है जो लोगों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करें। स्मिथ ने कहा, ''हमें हमेशा खुद से पूछना चाहिए कि हमारा लक्ष्य क्या है। मशीनें स्मार्ट होती जाएं, यह ठीक है, लेकिन हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य लोगों को स्मार्ट बनाना है।'



### एआई 22 भाषाओं का अनुवाद कर सकता है

अध्यक्ष ने बताया कि एआई का सबसे बड़ा फायदा तब है जब यह मानव संवाद, पढ़ाई और सुनने-समझने की क्षमता को बेहतर बनाए। भारत में सरकारी अधिकारियों के साथ हुई चर्चाओं का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एआई 22 भारतीय भाषाओं का अनुवाद करके लोगों के बीच संवाद और समझ बढ़ाने में मदद कर सकता है।

### एआई का उपयोग पेशेवरों को बेहतर बनाने पर

*स्मिथ ने जोर देकर कहा, ''हम एआई का उपयोग सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की जगह लेने के लिए नहीं कर रहे, बल्कि सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की कला को उन्नत बनाने और पेशेवरों को बेहतर बनाने के लिए कर रहे हैं।'' स्मिथ ने कहा कि भविष्य की नौकरियों के लिए कौशल में सुधार और तालमेल बनाना जरूरी है। इससे पेशेवरों की मांग बढ़ेगी और वे बेहतर वेतन पाने के योग्य होंगे।*

## आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल को किया संबोधित

# बैंक गलत तरीके से बीमा उत्पाद बेचना बंद करें अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान दें: सीतारमण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों द्वारा बीमा सहित वित्तीय उत्पादों की गलत तरीके से बिक्री पर कड़ा रुख अपनाते हुए सोमवार को कहा कि उन्हें (बैंकों को) अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल को बजट के बाद संबोधित करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में सीतारमण ने कहा, बैंकों को अपने मुख्य कारोबार पर ध्यान देना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा, मैंने हमेशा से इस बात पर आपत्ति जतायी है कि आप उस बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जिसकी आवश्यकता ही नहीं है और यह मामला आरबीआई और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के बीच फंसा रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहक को भ्रामक जानकारी देकर उत्पाद की बिक्री पर दिशानिर्देशों का मसौदा 11 फरवरी को जारी किया था।

### चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई

मसौदे में कहा गया है कि यदि किसी ग्राहक को गलत तरीके से उत्पाद या सेवा दी जाती है, तो बैंक को ग्राहक द्वारा चुकाई गई पूरी राशि लौटानी होगी और स्वीकृत नीति के अनुसार हुए नुकसान की भरपाई भी करनी होगी। इस पर चार मार्च तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी गई हैं। आरबीआई ने कहा कि गलत तरीके से बिक्री पर कड़े नियम एक जुलाई से लागू होंगे।

### आरबीआई स्पष्ट निर्देश दे रहा

सीतारमण ने कहा, ''मुझे खुशी है कि आरबीआई यह स्पष्ट मार्गदर्शन दे रहा है कि गलत तरीके से बिक्री क्यों बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदेश, बैंकों तक जाना चाहिए कि आप गलत बिक्री नहीं कर सकते। यह शब्द 'गलत बिक्री', किसी को ठेस पहुंचाने के बजाय, शब्दकोश में एक और शब्द बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में बैंक ग्राहकों को बीमा उत्पाद खरीदने के लिए कहते हैं जबकि उनके पास पहले से आवश्यक बीमा होता है।



- वित्त मंत्री ने कहा, मैंने हमेशा इस बात पर आपत्ति जताई
- बैंक बीमा को बेचने में अधिक समय लगा रही जिसकी जरूरत नहीं
- आरबीआई ने बिक्री पर दिशा निर्देश 11 फरवरी को जारी किया था

### अतिरिक्त बीमा लेने क्यों कहा जाता है

*आरबीआई यह सोचकर ऐसे मामलों की निगरानी नहीं कर रहा था कि यह बीमा नियामक के दायरे में आता है। इरडा का मानना था कि बैंक उसके प्रत्यक्ष नियमन में नहीं आते। इस नियामकीय अंतर के कारण ग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति गिरवी रखकर गृह ऋण लेता है, तो उससे अतिरिक्त बीमा लेने को क्यों कहा जाता है जबकि जोखिम पहले से 'कवर' होता है।*

### बैंक कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान दे

सीतारमण ने दोहराया कि बैंकों को अपने ग्राहकों की जरूरतों, उनकी वित्तीय स्थिति एवं कारोबारी चक्र को समझने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंकों का मुख्य कार्य जमा जुटाना एवं ऋण देना है। गैर-बैंकिंग उत्पाद बेचने के बजाय उन्हें कम लागत वाली जमा या कासा (चालू खाता बचत खाता) आधार को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए।

### जमा वृद्धि दर 12.5 प्रतिशत

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली में जमा वृद्धि लगभग 12.5 प्रतिशत है जबकि ऋण वृद्धि दर 14.5 प्रतिशत के आसपास है। मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) आगे की नीतिगत दरों में कटौती पर निर्णय वृद्धि और मुद्रास्फीति की स्थिति को देखते हुए करेगी।

### सोने के आयात पर कड़ी नजर, चिंता की कोई बात नहीं

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सोने के आयात पर कड़ी नजर रखे हुए हैं, हालांकि स्थिति अभी ''चिंताजनक स्तर'' पर नहीं पहुंची है। भारत का सोना आयात अप्रैल-दिसंबर, 2025 के दौरान मूल्य के लिहाज से लगभग एक अरब डॉलर बढ़कर 50 अरब डॉलर हो गया। वहीं जनवरी में सोने के आयात के मूल्य और मात्रा, दोनों में अचानक वृद्धि देखी गई है जिसकी समीक्षा केंद्रीय बैंक कर रहा है।*

# खाद्य उत्पादों में मिलावट पर रोक लगाने की मांग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- राज्य मिलावट पर सख्त कार्रवाई करे
- राज्य खाद्य आयुक्तों से निगराना बढ़ाने कहा गया

होली त्योहार से पहले खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने राज्य खाद्य आयुक्तों से निगरानी बढ़ाने और दूध उत्पादों और खाद्य तेल में मिलावट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। राज्य खाद्य आयुक्तों को लिखे पत्र में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा कि आगामी होली त्योहार के दौरान मिठाई, नमकीन, खाद्य तेल और दूध एवं दुग्ध उत्पादों (जैसे घी, खोआ, पनीर, आदि) और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इसमें कहा गया है कि मांग में इस वृद्धि से मिलावट की संभावना बढ़ती है। मिलावटी और असुरक्षित खाद्य उत्पादों, अर्थात - दूध और दुग्ध उत्पाद, मिठाइयां, नमकीन और पापड़, खाद्य तेल एवं घी, अनाज एवं अनाज उत्पाद आदि'' के प्रसार को रोकने के लिए निगरानी और प्रवर्तन कार्यों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### त्योहारी अवधि में हॉट स्पाट चिन्हित करे

एफएसएसएआई ने राज्य खाद्य आयुक्तों को त्योहारी अवधि के दौरान ''होली-मिलावट विरोधी अभियान - 2026'' के हिस्से के रूप में अपने प्रवर्तन अधिकारियों को अपने संबंधित क्षेत्रों में निरीक्षण और नमूने लेने का निर्देश देने के लिए कहा। इन अभियानों को चिन्हित हॉट स्पॉट और संवेदनशील स्थानों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## बिजनेस साइट

### डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद हॉस्पिटल के डॉ. अविनाश बैस को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान



**रायपुर।** डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. अविनाश बैस को राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सीआरएवी गुरु की मान्यता प्रदान की गई है। यह सम्मान आयुर्वेद के क्षेत्र में दीर्घकालिक योगदान, क्लिनिकल विशेषज्ञता और गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से ज्ञान प्रसार के लिए दिया जाता है। सीआरएवी (सर्टिफिकेट ऑफ राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ) कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु के रूप में चयन राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है, जो केवल अनुभवी और योग्य वैद्यों को ही प्राप्त होती है। डॉ. बैस के पास 28 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वे पंचकर्म, जोड़ों के रोग, पाचन तंत्र संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग और समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन के विशेषज्ञ हैं। अस्पताल के संस्थापक डॉ. अभिमन्यु साहू ने इसे पूरे संस्थान और प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण बताया। वहीं, डॉ. बैस ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ आयुर्वेद की शाश्वत चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करेगा।

### चाणक्य लॉ एकेडमी का सिविल जज परीक्षा में रहा दबदबा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम 20 फरवरी 2025 को जारी कर दिए गए हैं। घोषित परिणामों में चाणक्य लॉ एकेडमी ने एक बार फिर उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए अपना परचम लहराया है। कुल 57 पदों में से 35 पदों पर संस्थान के विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जो प्रदेश में विधि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के क्षेत्र में उसकी सुदृढ़ स्थिति को दर्शाता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्थान का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। संस्थान के मेंटर नितिन नामदेव ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के अनुशासन, निरंतर परिश्रम और समर्पण को दिया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सिविल जज परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ अब रायपुर में सीएलएटी अभ्यर्थियों के लिए 'क्लैट पॉसिबल' सेंटर भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। अंतिम सूची में संस्थान के कई विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। आयुष चौरसिया ने तीसरा, एकांश अग्रवाल ने पांचवां, कार्तिकी अवंतिका ने आठवां और अपेक्षा सिंघई ने नौवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सिमरप्रीत सलूजा, दीपांशी जैन, कुसमांजली सिन्हा सहित अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न रैंक हासिल कर संस्थान और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### श्री स्वास्तिक ग्रुप के नए प्रोजेक्ट 'फॉरेस्टा' की हुई भव्य लॉन्चिंग, मिला शानदार रिस्पांस



**रायपुर।** श्री स्वास्तिक ग्रुप द्वारा अपने बहुप्रतीक्षित नए प्रोजेक्ट 'फॉरेस्टा' की भव्य लॉन्चिंग रविवार को पुरानी धमतरी रोड, टेकारी, रायपुर में की गई। लॉन्चिंग के पहले ही दिन इस प्रोजेक्ट को ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पांस मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने साइट विजिट कर प्लॉट की बुकिंग कराई। श्री स्वास्तिक ग्रुप के अनुसार, लॉन्चिंग के दिन लगभग 60 प्रतिशत प्लॉट बुक हो चुके हैं और अब केवल 2000 से 6000 वर्ग फीट के चुनिंदा प्लॉट ही उपलब्ध हैं। ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि 'फॉरेस्टा' को विशेष रूप से फॉरेस्ट-आधारित थीम पर विकसित किया जा रहा है, जो ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट आधुनिक सुविधाओं, बेहतरीन लोकेशन और उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को सुरक्षित और लाभकारी निवेश का अवसर मिल सके। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आवासीय प्रोजेक्टः प्रोजेक्ट 'फॉरेस्टा' में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अनेक अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें भव्य प्रवेश द्वार, कंक्रीट रोड, कवर्ड कैंपस, सीसीटीवी सर्विलांस, अंडरग्राउंड ड्रेनेज एवं सीवरेज सिस्टम, अंडरग्राउंड केबलिंग और आकर्षक लैंडस्केप गार्डन शामिल हैं। साथ ही भव्य बैंक्विट हॉल, मल्टीपर्पज़ कोर्ट, स्विमिंग पूल, अत्याधुनिक जिम, योग, एरोबिक्स एवं मेडिटेशन जोन, इंडोर एवं आउटडोर गेम्स तथा वॉकिंग ट्रैक जैसी प्रीमियम सुविधाएं शामिल हैं।

# सरकार के शुद्ध बाजार उधारी में आई गिरावट

**मुंबई।** सरकार की शुद्ध बाजार उधारी में गिरावट से निजी क्षेत्र के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध होने की संभावना है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मासिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, केंद्र सरकार की शुद्ध बाजार उधारी वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के तीन प्रतिशत तक घटाने का प्रस्ताव है, जो महामारी-पूर्व स्तर की ओर धीरे-धीरे वापसी का संकेत है। इस साल के लिए 17.3 लाख करोड़ रुपये की सकल बाजार उधारी का प्रस्ताव कई लोगों की अपेक्षाओं से अधिक माना गया है। इससे निजी क्षेत्र के लिए उपलब्ध संसाधनों और बजट दिवस पर बाजार में गिरावट को लेकर चिंता हुई। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, शुद्ध बाजार उधारी महामारी से पहले वित्त वर्ष 2019-20 में 4.73 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 2.4 प्रतिशत) थी।

# शुल्क पर अमेरिकी अदालत के फैसले से शेयर बाजार उत्साहित

- सेंसेक्स 480 अंक चढ़ा, निफ्टी में 142 अंक की तेजी
- बैंक, वाहन और वित्तीय शेयरों में खरीदारी रही

एजेंसी ▸▸ मुंबई



अमेरिका में व्यापक शुल्क आदेश रद्द होने से उपजी सकारात्मक धारणा के बीच सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, वाहन और वित्तीय शेयरों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 480 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में 142 अंक की तेजी दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की तरफ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल जारी व्यापक शुल्क आदेशों को अवैध घोषित कर दिए जाने के बाद निवेशक धारणा में सुधार देखा गया।बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 479.95 अंक यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर 83,294.66 अंक पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान एक समय यह 671.44 अंक चढ़कर 83,486.15 अंक तक पहुंच गया था।

*अदाणी पोर्ट्स में रही सबसे अधिक तेजी : सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 2.98 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो में भी बढ़त रही।*

*इंफोसिस व टेक महिंद्रा में गिरावट*

*दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटर्नल, टाटा स्टील और इंडिगो के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।*

## बायोगैस मिश्रण पर उत्पाद शुल्क छूट से बढ़ेगा निवेश...



**नई दिल्ली।** संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) में मिलाई जाने वाली बायो-गैस पर प्रस्तावित उत्पाद शुल्क छूट और एक स्पष्ट नीतिगत दिशा से देश में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने में मदद मिल सकती है। इंडियन बायो-गैस एसोसिएशन (आईबीए) ने यह बात कही। आईबीए ने बयान में कहा कि सरकार ने हाल ही में घोषित आम बजट 2026-27 में सीएनजी के साथ मिश्रित संपीडित बायो-गैस (सीबीजी) पर उत्पाद शुल्क में छूट प्रदान की है। यह 2070 तक ''शुद्ध शून्य उत्सर्जन'' लक्ष्य की ओर भारत के ऊर्जा बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान के अनुसार, यदि देश भर में शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क अगले पांच वर्षों में केवल पांच प्रतिशत बायो-गैस मिश्रण का स्तर भी हासिल कर लेते हैं, तो इसके लिए सालाना लगभग 25-30 लाख टन सीबीजी की आवश्यकता होगी।

# चांदी 8,000 रुपए चढ़ी और सोना 3,300 रुपए मजबूत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद बढ़ती वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मजबूत सुरक्षित-निवेश की मांग के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान चांदी 2.7 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई जबकि सोना 1.6 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। चांदी शुक्रवार के 2,64,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 8,000 रुपये या 3.03 प्रतिशत चढ़कर 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

## रियल एस्टेट सलाहकार आईएसआईआर व सीआरई ने जारी की रिपोर्ट

# गुरुग्राम ने लक्जरी घरों की बिक्री में मुंबई को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- गुरुग्राम में 10 करोड़ से अधिक कीमत के घरों की बिक्री 80 फीसदी बढ़ी

गुरुग्राम में 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री 2025 में मूल्य के हिसाब से 80 प्रतिशत बढ़कर 24,120 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। मूल्य के लिहाज से गुरुग्राम ने मुंबई को पीछे छोड़ दिया है। एक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। रियल एस्टेट सलाहकार 'इंडिया सॉथबीज इंटरनेशनल रियल्टी' और डेटा विश्लेषक कंपनी सीआरई मैट्रिक्स द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) स्थित गुरुग्राम ने 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले मकानों की बिक्री के कुल मूल्य के मामले में मुंबई को पीछे छोड़ दिया। इस श्रेणी में गुरुग्राम में 24,120 करोड़ रुपये के, जबकि मुंबई में 21,902 करोड़ रुपये के घरों की बिक्री हुई।

### वृद्धि पुराने प्रतिष्ठित इलाकों तक सीमित नहीं

इंडिया सॉथबीज इंटरनेशनल रियल्टी की निदेशक (एरिया) टीना तलवार ने कहा, '' खास बात यह है कि यह वृद्धि अब केवल पुराने प्रतिष्ठित इलाकों तक सीमित नहीं है। द्वारका एक्सप्रेसवे, गोल्फ कोर्स रोड और गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड जैसे उभरते बाजार सामूहिक रूप से संरचनात्मक विस्तार को गति दे रहे हैं जिसे बुनियादी ढांचे में सुधार, बेहतर परियोजनाओं की पेशकश और बेहतर संपर्क का समर्थन मिल रहा है।''



### वर्ष 2025 से गुरुग्राम आगे निकला

रिपोर्ट कहती है, '' मुंबई पारंपरिक रूप से देश का सबसे महंगा रियल एस्टेट बाजार रहा है, लेकिन 2025 के दौरान 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की कुल बिक्री के मूल्य के मामले में गुरुग्राम उससे आगे निकल गया।''

*पिछले कैलेंडर वर्ष में 24,120 करोड़ की बिक्री हुई : गुरुग्राम में 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री पिछले कैलेंडर वर्ष में लगभग तीन गुना होकर 1,494 इकाई पर पहुंच गई, जो 2024 में 519 इकाई रही थी। मूल्य के आधार पर बिक्री 2024 के 13,384 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025 में 24,120 करोड़ रुपये हो गई।*

*लक्जरी खंड में दस गुना वृद्धि : सीआरई मैट्रिक्स के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक किरण गुप्ता ने कहा कि पिछले दो साल में लक्जरी खंड में लगभग 10 गुना वृद्धि से खरीदारों का सतत भरोसा, मजबूत पूंजी प्रवाह और उच्च संपदा वाले व्यक्तियों की बढ़ती संख्या का संकेत मिलता है।*




# 3 मार्च को लगेगा साल का पहला चंद्रग्रहण, भारत में देगा दिखाई

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहला चंद्रग्रहण जल्द ही मार्च के महीने में लगने जा रहा है। यह ग्रहण फाल्गुन पूर्णिमा तिथि के दिन लगेगा।।साल का पहला चंद्रग्रहण भारत में भी दिखाई देगा। यह चंद्रग्रहण 3 मार्च को लगने जा रहा है। तीन मार्च को साल 2026 का पहला चंद्रग्रहण लगेगा। यह एक पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जिसे पूरे एशिया और ऑस्ट्रेलिया में देखा जा सकता है। साथ ही पैसिफिक द्वीपों और उत्तरी व दक्षिणी अमेरिका में भी यह दिखेगा। भारतीय समयानुसार, यह चंद्रग्रहण दोपहर 3.20 बजे से लेकर शाम 06.47 बजे तक रहेगा। लंबी अवधि के कारण ग्रहण अलग-अलग टाइम जोन में दिखेगा। पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान चांद नारंगी रंग का दिख सकता है। इस घटना को ब्लड मून कहा जाता है। पृथ्वी के वातावरण द्वारा सूरज की रोशनी को चांद पर बिखरने की वजह से ऐसा होता है।

### कब और क्यों लगता है चंद्रग्रहण?

पृथ्वी सूर्य का चक्कर लगाती है। चंद्रमा एक उपग्रह है, जो धरती की परिक्रमा करता है। इस दौरान जब सूर्य और चंद्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है, तो सूर्य की रोशनी चंद्रमा तक नहीं पहुंच पाती है। इससे धरती की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। इस खगोलीय घटना को चंद्र ग्रहण कहा जाता है। पूर्णिमा के दिन यह खगोलीय घटना होती है। हिन्दू पंचांग के मुताबिक, प्रत्येक महीने के शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि को पूर्णिमा पड़ती है।



### कितने तरह के होते हैं चंद्रग्रहण?

चंद्रग्रहण तीन प्रकार के होते हैं। यह इस पर निर्भर है कि सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में किस तरह हैं। आंशिक चंद्रग्रहण, पूर्ण चंद्र ग्रहण और उपछाया चंद्रग्रहण होता है। पूर्ण चंद्रग्रहण तब लगता है, जब पूरे चंद्रमा की सतह पर धरती की छाया पड़ती है। आंशिक चंद्रग्रहण के दौरान सिर्फ चांद का एक भाग पृथ्वी की छाया में प्रवेश करता है। चंद्रमा के धरती की तरफ वाले हिस्से पर धरती की छाया काली दिखाई देती है।

### भारत में कब और कितने समय के लिए दिखेगा चंद्रग्रहण?

भारत में चंद्रग्रहण की कुल अवधि 25 मिनट की होगी। दरअसल, भारतीय समय के मुताबिक, 3 बजकर 20 मिनट पर ग्रहण शुरू हो जाएगा और शाम में 6 बजकर 47 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। दिल्ली में चंद्रोदय शाम में 6 बजकर 22 मिनट पर होगा, जिसके बाद ही ग्रहण भारत के शहरों में दिखाई देगा। ऐसे में भारत में चंद्रग्रहण की कुल अवधि 25 मिनट की ही रहेगी। बता दें कि भारत के अन्य शहरों में चंद्रोदय के समय के मुताबिक, ग्रहण दिखने की अवधि अलग-अलग हो सकती है।

## रोचक खबरें



### जहां गैस होनी चाहिए थी, वहां मिला पत्थरों का संसार

**वॉशिंगटन।** अब तक खगोल वैज्ञानिकों का मानना था कि ज्यादातर ग्रह प्रणालियां एक तय पैटर्न को फॉलो करती हैं। छोटे और पथरीले ग्रह अपने तारे के पास होते हैं, जबकि बड़े गैस वाले ग्रह उससे काफी दूर घूमते हैं। हमारा सौर मंडल भी इसी नियम पर फिट बैठता है। लेकिन, हाल ही में रेड ड्वार्फ तारे एलएचएस 1903 के आसपास एक ऐसी खोज हुई है, जिसने इस समझ को चुनौती दे दी है। वैज्ञानिकों ने यहां एक पथरीला ग्रह खोजा है, जो सिस्टम के सबसे बाहरी हिस्से में मौजूद है। आम तौर पर इतनी दूरी पर गैस से भरे बड़े ग्रह मिलने की उम्मीद की जाती है। शुरुआत में रिसर्चर्स ने एलएचएस 1903 के आसपास तीन ग्रहों की पहचान की। यह तारा हमारे सूरज से छोटा और ठंडा है। रेड ड्वार्फ तारे हमारी आकाशगंगा में बहुत आम हैं और इनके आसपास घूमते ग्रहों को ढूंढना आसान होता है। पहले तीन ग्रहों की व्यवस्था बिल्कुल सामान्य लगी। तारे के पास एक पथरीला ग्रह और उससे दूर दो गैस से भरपूर ग्रह, जो मिनी-नेप्च्यून जैसे थे। यह वही मॉडल था, जिसे वैज्ञानिक वर्षों से मानते आ रहे थे। इस सिद्धांत के अनुसार, जब कोई तारा बनता है तो उसके चारों ओर गैस और धूल की एक डिस्क बनती है, जिसे प्रोटोप्लानेटरी डिस्क कहा जाता है।

### दुल्हन पर फूलों की जगह हुई करोड़ों रुपए की बारिश

**नई दिल्ली।** सोचिए, डीजे की धुन बज रही हो, लाइट्स चमक रही हों, दूल्हा दुल्हन स्टेज पर मुस्कुरा रहे हों और तभी आसमान से फूल नहीं, बल्कि नोटों की बारिश शुरू हो जाए। जी हां, ऐसा मंजर जिसने वहां मौजूद लोगों को भी हैरान कर दिया और इंटरनेट पर तो जैसे तहलका ही मच गया। यह सिर्फ एक शादी का जश्न नहीं था, बल्कि शानो-शौकत की ऐसी नुमाइश थी, जिसे देखकर हर कोई एक ही सवाल पूछ रहा है कि...क्या सच में इतने पैसे उड़ा दिए गए? इन दिनों एक पंजाबी शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। वीडियो में देखा जा सकता है कि दूल्हा दुल्हन मंच पर खड़े हैं और उनके ऊपर नोटों की गड्डियां उड़ाई जा रही हैं। दावा किया जा रहा है कि करीब 8.5 करोड़ रुपए कैश दुल्हन पर बरसाया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह भव्य पंजाबी शादी लुधियाना से जुड़ी बताई जा रही है। मेहमान और परिवार के लोग बोरियों में नोट भरकर लाते हैं और दुल्हन पर बरसा देते हैं। पूरा डांस फ्लोर रुपयों से ढक जाता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दूल्हा भी खुद गड्डियां उठाकर दुल्हन पर उड़ा रहा है। शादी का यह अंदाज कई लोगों के लिए हैरत भरा रहा। अब यही वजह है कि, यह वीडियो तेजी से शेयर किया जा रहा है। हालांकि, 8.5 करोड़ रुपए उड़ाने के दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन वीडियो ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। कुछ यूजर्स ने लिखा कि इतने पैसों में कई गरीब बेटियों की शादी हो सकती थी। वहीं कुछ ने कहा कि, पैसा दान करना बेहतर होता। जबकि कई लोगों ने इसे पंजाबी शादी और शानो शौकत का हिस्सा बताया। शादी यादगार बनानी चाहिए, लेकिन कैसे और कितनी शिद्दत से, यह सोचने वाली बात है।



# 6 लाख मील का सफर और 52 साल का इंतजार, चांद की ओर बढ़ेंगे चार जांबाज

**वॉशिंगटन।** नासा 6 मार्च को आर्टेमिस II मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर भेजने की तैयारी में है। यह पहला मानवयुक्त मिशन होगा जो 1972 के अपोलो मिशन के बाद चंद्रमा के पास जाएगा। नासा 6 मार्च को चंद्रमा की ओर चार अंतरिक्षयात्रियों को भेजने की तैयारी कर रहा है। ये मिशन आर्टेमिस II के तहत होगा और इसे लेकर नासा काफी उत्साहित है। फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर में नासा की बड़ी रॉकेट अब लॉन्च पैड पर तैयार है। इस रॉकेट की ऊंचाई 322 फीट है और इसे सफलतापूर्वक ईंधन भरने के बाद लॉन्च की संभावित डेट 6 मार्च तय की गई है।

### तैयार है नासा

नासा की कार्यकारी निदेशक लॉरी ग्लेज ने कहा कि मिशन की तैयारी अब गंभीर हो गई है और सभी को उत्साहित होने का समय आ गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अभी कुछ काम बाकी हैं। लॉन्च पैड पर अंतिम तैयारियों और सुरक्षा जांच के लिए कई दिन की फ्लाइट रीडिनेस रिव्यू करनी होगी. ये सुनिश्चित करेगा कि मिशन का हर पहलू पूरी तरह से तैयार है और कोई खतरा नहीं है।

### 6 मार्च को नासा रचेगा इतिहास...



**क्या है ये मिशन?**

आर्टेमिस II मिशन में चार अंतरिक्षयात्री लगभग 6,00,000 मील की यात्रा करेंगे. इस मिशन में एस्ट्रोनॉट चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और फिर वापस पृथ्वी लौट आएंगे। यह मिशन खास है क्योंकि यह 1972 के अंतिम अपोलो मिशन के बाद मानव द्वारा चंद्रमा की ओर पहला यात्रा है। एस्ट्रोनॉट्स को इस यात्रा से पहले संक्रमण और बीमारियों से बचाने के लिए लगभग दो सप्ताह का क्वारंटीन रखा गया है।

### पहले से कर लिया है अभ्यास

पिछले परीक्षण में नासा ने रॉकेट में ईंधन भरने का अभ्यास किया था। उस दौरान लिक्विड हाइड्रोजन में रिसाव जैसी समस्याएं आई थी। हालांकि, कुछ सील बदलने और अन्य कार्यों के बाद ये समस्याएं हल कर दी गई हैं।हालिया काउंटडाउन प्रैक्टिस भी सफल रहा है, हालांकि लॉन्च कंट्रोल सेंटर में ग्राउंड कम्युनिकेशन में थोड़ी बाधा आई थी, जिसे बैकअप का उपयोग कर संभाला गया था। आर्टेमिस II के एस्ट्रोनॉट्स में नासा के रीड विसमैन, विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टिना कोच और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के जेरमी हैंसन शामिल हैं।सभी अंतरिक्षयात्री मिशन के लिए काफी उत्साहित हैं और तैयारी के दौरान उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों और यात्रा की रोमांचक संभावनाओं पर चर्चा की है। नासा अधिकारियों के मुताबिक, 6 मार्च के संभावित लॉन्च को लेकर सभी निगरानी और सुरक्षा तैयारी पूरी तरह से सुनिश्चित की जा रही है।

# डायनासोर के सात करोड़ साल पुराने अंडे की खोज, अंदर हो सकता है बच्चा

**ब्यूनस आयर्स।** साउथ अमेरिका में डायनासोर का एक फॉसिल वाला अंडा मिला है। इस खोज ने डायनासोर की जिंदगी के बारे में समझ बेहतर होने की वैज्ञानिकों की उम्मीदों को बढ़ा दिया है। साइंटिस्ट इसे एक बड़ी खोज बता रहे हैं। यह अंडा करीब 70 मिलियन साल (7 करोड़) पुराना माना जा रहा है, लेकिन इसे बहुत अच्छी तरह संभालकर रखा गया है और इसमें बच्चा हो सकता है। इस अंडे पर रिसर्च से पता चल सकता है कि डायनासोर कैसे पले-बढ़े थे। यह अहम खोज अर्जेंटीना के नेचुरल साइंसेज म्यूजियम में वर्टीब्रेट के कम्पेरेटिव एनाटॉमी और इवोल्यूशन की लेबोरेटरी ने की है। पैलियोन्टोलॉजिस्ट फेडेरिको एग्नोलिन और उनके साथी मैटियास मोट्टा का मानना है कि यह साउथ अमेरिका में मिला मांसाहारी डायनासोर का पहला पूरा अंडा है। इससे लेट क्रेटेशियस पीरियड के दौरान घोंसले बनाने के तरीके, एम्ब्रियो के विकास और प्रजनन की दुर्लभ जानकारी मिल सकती है।

### वैज्ञानिकों में दौड़ी खुशी की लहर



### क्यों दिलचस्प है ये खोज

डिस्कवर मैगजीन ने बताया है कि मांसाहारी डायनासोर के फॉसिल अंडे बहुत कम मिलते हैं। यही बात इसे खासतौर पर दिलचस्प बनाती है। यह अंडा आज के पतक्षियों के जैसा अंडाकार ना कि लंबी गर्दन वाले सॉरोपोड के गोल मोटे शेल जैसा है। इसका आकार और शेल पर अजीब निशान बताते हैं कि यह किसी ऐसी प्रजाति का हो सकता है जिसे हमने पहले नहीं देखा है। रिसर्च टीम को शुरू में लगा कि यह बोनापार्टेनिकस हो सकता है, जो एक छोटा लोकल थेरोपोड है लेकिन अब ऐसा होना मुश्किल लगता है। एग्नोलिन और उनके साथ काम करने वालों का मानना है कि यह एक अलग तरह का मांसाहारी डायनासोर हो सकता है।

**स्कैन से पता चलेंगी चीजें**

अंडे के स्कैन से पता चल सकता है कि अंदर कोई एम्ब्रियोनिक स्केलेटन है या नहीं। भले ही एम्ब्रियो पूरा न हो फिर भी यह उसके पोस्चर, ग्रोथ या उसके सांस लेने के सिस्टम के काम करने के तरीके का पता लगा सकता है। डायनासोर एम्ब्रियो दुनिया में कहीं भी बहुत कम मिलते हैं। अर्जेंटीना में भी पहले सिर्फ सॉरोपॉड एम्ब्रियो मिले हैं। इस एम्ब्रियो के अंदर अगर मांसाहारी एम्ब्रियो है तो इन शिकारियों के बारे में और जानने का यह एक बड़ा मौका होगा, जब वे अभी भी डेवलप हो रहे होंगे। डायनासोर के घोंसले बनाने के सबूत दिखाते हैं कि वे बच्चों को कैसे पालते थे। अंडे के पास से रोकासॉरस मुनियोजी के फॉसिल भी मिले हैं। इससे मांसाहारी डायनासोर के रिप्रोडक्टिव व्यवहार पर रोशनी पड़ सकती है।

# मौत से ठीक पहले हर मरीज बोलता है ये 9 शब्द, नर्स का सनसनीखेज खुलासा

**न्यूयार्क।** अमेरिका में फ्लोरिडा की रहने वाली 29 वर्षीय नर्स किर्स्टी रॉबर्ट्स ने पिछले 4 सालों में अनगिनत लोगों को अपनी आंखों के सामने दम तोड़ते देखा है। किर्स्टी का दावा है कि मौत की आगोश में समाने से ठीक पहले हर इंसान के व्यवहार में एक ऐसा 'आध्यात्मिक बदलाव' आता है, जिसे आज तक चिकित्सा विज्ञान भी नहीं समझा पाया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया वीडियो के जरिए उन शब्दों का खुलासा किया है, जो लगभग हर मरीज अपने आखिरी वक्त में बोलता है और ये शब्द किसी को भी अंदर तक झकझोर सकते हैं। किर्स्टी के अनुसार, अस्पताल में भर्ती मरीज की हालत चाहे कैसी भी हो, उसके वाइटल्स स्थिर हों या डॉक्टर उसे खतरे से बाहर बता रहे हों, लेकिन मरीज को खुद अपनी मौत का पूर्वाभास हो जाता है। उन्होंने बताया कि मरने वाला हर व्यक्ति लगभग एक ही बात कहता है, कृपया मेरे परिवार को बताना कि मैं उनसे प्यार करता हूं, मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा है और मुझे पता है कि मैं मरने वाला हूं। चौंकाने वाली बात यह है कि जैसे ही कोई मरीज ये शब्द बोलता है, उसके कुछ ही समय बाद उसकी मौत हो जाती है।



# 8.5 अरब लाइट ईयर दूर नासा के वैज्ञानिकों को मिला अजीब गैलेक्सी

**वॉशिंगटन।** नासा के वैज्ञानिकों ने ब्रह्मांड से बहुत दूर एक बेहद अनोखी गैलेक्सी की खोज की है। ये खोज नासा के शक्तिशाली अंतरिक्ष टेलीस्कोप की मदद से की गई है। ये आकाशगंगा धरती से करीब 8.5 अरब लाइट ईयर दूर स्थित है। इस तरह की आकाशगंगाओं को वैज्ञानिक जेलीफिश गैलेक्सी कहते हैं। इसका नाम समुद्र में पाई जाने वाली जेलीफिश से मिलता-जुलता होने के कारण रखा गया है। इस खोज से ये समझने में मदद मिल सकती है कि ब्रह्मांड के शुरुआती दौर में आकाशगंगाएं कैसे बन रही थीं और कैसे बदल रही थीं।

### कॉस्मोस डीप फील्ड को ही क्यों चुना जाता है?

ये इलाका खोज के लिए इसलिए चुना जाता है, क्योंकि वहां हमारी आकाशगंगा यानी मिल्की वे की रोशनी बहुत कम बाधा डालती है। इसी वजह से वैज्ञानिक बहुत दूर की वस्तुओं को साफ देख पाते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार यह आकाशगंगा हमें उस समय की दिखाई दे रही है, जब बिग बैंग को हुए करीब 5.3 अरब साल गुजर चुके थे।



### इस गैलेक्सी को क्यों कहते हैं जेलीफिश?

इस गैलेक्सी की सबसे खास बात इसके पीछे लटकती हुई गैस की लंबी धाराएं हैं। यही धाराएं इसे जेलीफिश जैसी बनाती हैं। वैज्ञानिक बताते हैं कि यह गैस एक खास प्रक्रिया के कारण बाहर निकलती है। जब कोई आकाशगंगा किसी बड़े समूह के अंदर बहुत तेज गति से चलती है, तो वहां मौजूद तेज दबाव और गैस की हवा उसके अंदर की गैस को बाहर धकेल देती है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com